


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 13 जून 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 136 | मूल्य - 5 रुपये









## ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के दो पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया....

नई दिल्ली/मुंबई, (भाषा)।

***प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को मुंबई में रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) के दो पूर्व अधिकारियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने***

सतीश सेठ और गौतम दोशी की 'ट्रांजिट रिमांड' ली है। दोनों रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के निदेशक रह चुके हैं। ईडी उन्हें दिल्ली ले जा रही है क्योंकि यह मामला राष्ट्रीय राजधानी में दर्ज है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और उनके परिसरों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में कथित 114.98 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत की गई थी। सीबीआई ने कहा था, ''एसबीआई उन 11 बैंकों के समूह का हिस्सा था, जिन्होंने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड को कुल 735 करोड़ रुपये का कर्ज देने की मंजूरी दी थी।''माना जा रहा है कि ईडी ने सीबीआई की इसी शिकायत का संज्ञान लिया और बैंक कर्ज धोखाधड़ी के इस मामले में सेठ और दोशी की भूमिका की जांच कर रही है।

## केरल में शिगेला के संक्रमण से महिला की मौत, 18 नए मामले सामने आए..

वायनाड/तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।

***केरल के मलाप्पुरम जिले में शिगेला से 59 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस विषाणु से संक्रमण के 18 नए मामले भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि महिला की पहचान सरोजिनी के तौर पर हुई है और उन्होंने नौ जून को कोझिकोड राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय***

अस्पताल में अंतिम सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि बाद में प्रयोगशाला में नमूनों की हुई जांच में पुष्टि हुई कि वह शिगेला से संक्रमित थी। उन्होंने बताया कि इसी साथ राज्य में गत एक महीने से शिगेला से जुड़ी मौतों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि शिगेला से एक व्यक्ति की मौत पिछले महीने हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार को राज्य में शिगेला से संक्रमण के 18 नए मामले सामने आए। वायनाड जिले के चुलियोड से शिगेला संक्रमण के सात मामले सामने आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले के कट्टीपारा, उलियारी, पय्योली और पेराम्बरा से एक-एक मामला सामने आए हैं। इसी तरह, मलप्पुरम जिले के एडक्करा, मोरायूर और कीझट्टूर से एक-एक मामला सामने आया, जबकि त्रिशूर जिले के वडक्कांचेरी से संक्रमण के दो मामले सामने आए। अधिकारियों ने बताया कि ताजा मामलों को मिलाकर, केरल में इस साल अब तक शिगेला के 132 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है।

अधिकारियों ने बताया कि इनके अलावा संक्रमण के 75 संदिग्ध मामले हैं। वायनाड के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि जिले में नये पुष्टि किए गए सातों मामले एक स्कूल के विद्यार्थियों से जुड़े हैं। इसके साथ ही वहां संक्रमित बच्चों की कुल संख्या बढ़कर 16 हो गई है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. टी. रेखा ने कहा कि जिले में बीमारी की निगरानी, बचाव के उपाय और जागरुकता उपायों को तेज कर दिया गया है।

**शिगेला एक विषाणु जनित संक्रमण है, जो दस्त, बुखार और पेट में मरोड़ जैसी समस्याएं पैदा करता है। यह संक्रमण मुख्य रूप से दूषित भोजन या पानी के जरिए फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर भी इसके फैलने का खतरा रहता है।**

# प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह के हस्ते आज होगा बालाघाट गर्रा राजाभोज रेल ओवर ब्रीज का समारोहपूर्वक शुभारंभ..

### राजाभोज रेल ओवर ब्रीज नामकरण पर पवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने जताया आभार..

### ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के अनेक आंदोलनों के बाद बालाघाट में स्वीकृत हुए थे रेल ओवरब्रीज..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला रेल सुविधाओं के मामलों में तो वहीं अपेक्षित और आवश्यक विकास के मामले में दुर्भाग्यशाली जिला रहा है, तथा ना सिर्फ कांग्रेस के जनप्रतिनिधि बल्कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों से भी जिले के नागरिक उपेक्षित रहे हैं, लेकिन जिले में रेल परियोजनाओं और विभिन्न रेल ओवरब्रीज की आवश्यकताओं को लेकर बालाघाट में***

जब ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनुप सिंह बैस के नेतृत्व में विभिन्न आंदोलन किये गए, तथा भूख हड़ताल, जनजागरण से लेकर रेल भवन दिल्ली तक किये गए आंदोलनों का परिणाम यह रहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों पर कुछ दबाव बना, तो वहीं आंदोलनों के परिणामस्वरुप रेल विभाग और बालाघाट जिला प्रशासन भी जागा, जिसके परिणामस्वरुप जहां गोंदिया से जबलपुर रेल मार्ग पर बड़ी रेल लाईन यात्री ट्रेनें शुरु हुई, तो वहीं रेल ओवरब्रीज भी आखिरकार स्वीकृत किये गए, तथा ऐसे ही बहुप्रतिक्षित सरेखा रेल ओवरब्रीज का शुभारंभ जहां विगत वर्ष किया गया था, वहीं आज 13 जून को जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के हस्ते आज गर्रा रेल ओवरब्रीज का शुभारंभ होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त रेल ओवरब्रीज का नामकरण पवार समाज की मांग पर सम्राट राजाभोज ओवरब्रीज कर दिया गया है।

### आज से शुरु कर दिया जायेगा यातायात..

जिला प्रशासन की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट-वारासिवनी मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी पुल के पहले निर्मित इस गर्रा रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) पर से आज 13 जून 2026 से यातायात शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को 13 जून को दोपहर 12 बजे से स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, गोंदिया के सेक्शन इंजीनियर (अनुभाग अभियंता) द्वारा जारी सूचना के अनुसार 13 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से उक्त रेलवे फाटक सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए हमेशा के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद बालाघाट-गर्रा एवं वारासिवनी मार्ग से आने-जाने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन नव निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज से कराया जाएगा।

रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने से लंबे समय से लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। पहले ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी, जिससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता था। अब आरओबी बनने से यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो जाए। प्रशासन और रेलवे विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि 13 जून को दोपहर 12 बजे के बाद पुराने रेलवे फाटक मार्ग का उपयोग न करें तथा निर्धारित डायवर्ट मार्ग एवं यातायात संकेतों का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### 12.30 बजे पहुंचेंगे प्रभारी मंत्री..

बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के दौरा कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री आज 13 जून 2026 को प्रातः 9 बजे ग्राम लोलरी जिला नरसिंहपुर से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12:30 बजे बालाघाट पहुंचने के बाद वे बालाघाट-कटंगी सेक्शन में निर्मित रेलवे ओवरब्रिज के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम गर्रा स्थित रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक बीके-9 के पास आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे जिला चिकित्सालय बालाघाट में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय शिविर में सहभागिता करेंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 02 बजे सर्किट हाउस बालाघाट पहुंचेंगे और अपराह्न 03 बजे जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करेंगे। बैठक में जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अपराह्न 3:30 बजे प्रभारी मंत्री श्री सिंह जिला भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भेंट करेंगे तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों से अवगत होंगे। इसके पश्चात वे अपराह्न 4:30 बजे बालाघाट से अपने ग्राम लोलरी जिला नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विशाल बिसेन ने जताया आभार..



बालाघाट गर्रा मार्ग पर नव-निर्मित रेलवे ओवरब्रिज का नामकरण राजाभोज रेलवे ओवरब्रीज किये जाने पर बालाघाट जिला पंवार समाज के अध्यक्ष विशाल बिसेन ने हर्ष व्यक्त किया है। विशाल बिसेन ने कहा कि हमारी मांग थी कि हमारे गौरव, पराक्रम और लोककल्याण के प्रतीक परम प्रतापी चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज के नाम से इस ओवरब्रीज का नामकरण किया जाए, जिसे स्वीकार कर लिया जाना समाज के मनोभावों को सम्मान देने के साथ ही राजाभोज नामकरण किया जाना राजाभोज के लोककल्याणकारी युग को हमेशा याद दिलाता रहेगा। विशाल बिसेन ने कहा कि पंवार समाज जिला बालाघाट, नगर पालिका परिषद बालाघाट का हार्दिक आभार व्यक्त करता है, साथ ही हमारे जिले के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधिगण जिन्होंने पंवार समाज के मान को कीर्ति प्रदान की है, हम उन सभी का भी आभार व्यक्त करते हैं।














दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## हत्या व हत्या के प्रयास के जघन्य प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 02/06/2026 की रात्रि को आरोपी जयदीप बघेल पिता मेरसिंह, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम नरेला द्वारा अपने दिवंगत छोटे भाई विजय बघेल की पत्नी शोभा बघेल एवं उसके दो मासूम बच्चों -काव्या बघेल, उम्र 08 वर्ष तथा***

रियांश उर्फ निहाल बघेल, उम्र 05 वर्ष को जान से मारने की नीयत से जहरीली कीटनाशक दवा पिलाने की घटना प्रकाश में आई। शोभा बघेल के पति विजय बघेल की वर्ष 2023 में बीमारी से मृत्यु हो गई थी। इसके पश्चात जयदीप बघेल के शोभा बघेल से अवैध संबंध स्थापित हो गए थे। शोभा अपने दोनों बच्चों के साथ विगत 06 माह से अपने मायके ग्राम नरेला में रह रही थी।

दिनांक 29/05/2026 को रात्रि लगभग 01:30 बजे जयदीप बघेल अपनी अल्टो कार क्रमांक **MP-22-CA-476** से शोभा के घर पहुंचा और शोभा एवं उसके दोनों बच्चों को अपने साथ ले गया। घर से बिना बताए चले जाने पर जयदीप के परिजनों ने थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई, जिस पर गुमशुदगी क्रमांक 81/26 कायम की गई।

दिनांक 02/06/2026 को जयदीप थाना उपस्थित हुआ, उसके साथ शोभा एवं दोनों बच्चे भी थे। थाने से शोभा बच्चों को लेकर चली गई तथा जयदीप को दस्तयाबी के पश्चात रात्रि लगभग 09:00 बजे रुखसत किया गया। थाने से जाने के बाद जयदीप बस स्टैंड गया और वहां से शोभा एवं उसके दोनों बच्चों को पुनः अपनी कार में बैठाकर छिंदवाड़ा चौक ले गया। वहां से एक दुकान से कीटनाशक दवा खरीदी और कार से अपने गांव नरेला स्थित माता मंदिर के पास ले गया। रात्रि लगभग 10:00 बजे कार में ही बैठकर कीटनाशक की शीशी खोलकर शोभा से कहा कि 'जब मैं नहीं जी सकता तो तू भी नहीं जी सकती' और शोभा एवं पुत्र रियांश को जहरीली दवा पिलाई तथा स्वयं भी दवा का सेवन कर लिया।

पुत्री काव्या को दवा पिलाने के दौरान वह कार से उतरकर भाग गई और परिजनों को मोबाइल पर सूचना दी। परिजनों द्वारा शोभा, रियांश एवं जयदीप को जिला अस्पताल सिवनी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर रियांश एवं जयदीप को नागपुर रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दिनांक 04/06/2026 को चांडक अस्पताल, नागपुर में रियांश की मृत्यु हो गई। शोभा बघेल का उपचार सिवनी में हुआ और दिनांक 08/06/2026 को उन्हें छुट्टी दी गई। संपूर्ण जांच पर जयदीप बघेल द्वारा शोभा बघेल एवं उसके पुत्र रियांश को जान से खत्म करने की नीयत से जहरीली कीटनाशक दवा पिलाना प्रमाणित हुआ, जिससे रियांश की मृत्यु हुई तथा शोभा की मृत्यु भी उपचार न मिलने पर निश्चित थी।

### पुलिस कार्यवाही..

उक्त घटना पर थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्रमांक 513/2026, धारा 103(1), 109(1) बी.एन.एस.पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।

### गिरफ्तार आरोपी..

जयदीप बघेल पिता मेरसिंह, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम नरेला, थाना कोतवाली, जिला सिवनी। आरोपी को दिनांक 10/06/2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### जप्त संपत्ति..

अल्टो कार क्रमांक **MP-22-CA-476**, जिसका उपयोग घटना को अंजाम देने में किया गया था। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा व एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में की गई।

### सराहनीय भूमिका..

निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक चन्द्रप्रकाश अडमें, मनोज पाल, नवीन तिवारी तथा आरक्षक सुधीर डहेरिया, मिथलेश उइके, प्रतीक बघेल, सतीश इनवाती, लोकेश सरयाम, सिद्धार्थ दुबे, मंजूलता नागवंशी, ममता गजभिये एवं आर. चालक मोनू डहेरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक आयोजित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा आज दिनांक 11.06.2026 को पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई।***

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, अनुभाग के समस्त एसडीओपी, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी,रक्षित निरीक्षक,कंट्रोल रूम प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

### बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश..

**लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण:** लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं खात्मा खारजी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रखे जाएं। **गुमशुदा बालक/बालिकाएं:** गुमशुदा बालक/बालिकाओं के मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्रवाई कर दस्तयाबी सुनिश्चित की जाए। **महिला संबंधी अपराध:** महिला संबंधी अपराधों में विशेष संवेदनशीलता अपनाते हुए आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी कर शीघ्र चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। **फरार आरोपी एवं वारंट तामीली:** गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाए। लंबित स्थाई एवं मियादी वारंटों की तामीली शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

**प्रतिबंधात्मक एवं कठोर कार्रवाई:** प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, जिला बदर की कार्रवाई में वृद्धि की जाए एवं जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई अधिक से अधिक की जावे। **गंभीर घटनाओं पर तत्काल पहुंच:** गंभीर घटित अपराधों में थाना प्रभारी एवं एसडीओपी तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें। रात्रि गश्त नियमित रूप से लगाई जाए और इसकी निगरानी एसडीओपी एवं थाना प्रभारी स्वयं करें, संपत्ति संबंधी अपराध घटित न होने पावे।

**यातायात व्यवस्था सुधार:** शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु यातायात थाना प्रभारी को मास्टर प्लान बनाकर कार्रवाई के निर्देश। अवैध रूप से सड़क पर खड़ी बसें, अवैध परमिट वाली बसों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर समुचित कार्रवाई की जाए। **जन शिकायत एवं जागरूकता:** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर शिकायतकर्ता को पूर्णतः संतुष्ट किया जाए, आवश्यकता पर शिकायत निराकरण शिविर लगाए जाएं। चौपाल एवं जन संवाद के माध्यम से हेलमेट, साइबर एवं महिला अपराध संबंधी जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएं। **विस्फोटक सामग्री की जांच:** समस्त एसडीओपी को विस्फोटक पदार्थ रखने वाले संस्थानों की नियमित जांच कर मानकों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने समस्त अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही न बरती जाए। पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई से समाज में अच्छी छवि बने। किसी भी गलत कार्रवाई के लिए जवाबदेही तय कर संबंधित को दंडित किया जाएगा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक हुई सम्पन्न..

### भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग को उसका वास्तविक हक दिलाने में नाकाम रही है - नरेश मरावी..

### पिछड़ा वर्ग को अपना हक प्राप्त करने के लिए सघर्ष करना होगा - मोहन सिंह चंदेल..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री मरावी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग की आवादी देश में लगभग 55 प्रतिशत से उपर है हमारी कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया था परन्तु भाजपा सरकार ने अपनी कपटपूर्ण नीति के कारण आज तक लागू नही किया है। पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा मिठी-मिठी बात करके पिछड़ा वर्ग का वोट तो ले लेती है परन्तु जब अधिकार देने की बात आती है तो अपने वादे से मुकर जाती है। श्री चंदेल ने कहा कि अगर हमें अपना हक एवं अधिकार प्राप्त करना है तो हमें एक जूट होकर कांग्रेस के नेतृत्व में संघर्ष करना होगा। श्री चंदेल ने यह भी कहा कि आज हमारे नेता जन नायक श्री राहुल गांधी जी ने जिस पुरजोर तरीके से जातिगत जनगणना की मांग संसद में उठाई है हम सभी को उनके नेतृत्व में इस लड़ाई को जारी रखना है। प्रारंभ में पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने बैठक की रूपरेखा एवं प्रदेश संगठन द्वारा प्राप्त निर्देशो के संबंध में समस्त पदाधिकारियों को अवगत कराया। बैठक को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी मो. असलम खान, किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया, राजा मुबीन खान ने भी सम्बोधित किया।

बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णुकरोसिया द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन बरघाट क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी उत्तम बिसेन ने किया। इस अवसर पर जेपीएस तिवारी, जिला संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफअंसारी, मोहनसिंह चंदेल, अतुलचंद मालू, विष्णु करोसिया, प्रकाश सूर्यवंशी, ध्रुवनारायण चैधरी, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, विजय उइके, राजा मुबीन, लक्ष्मण मर्सकोले, अशोक सिरसाम, विनोद नामदेव, अजय सोनी, सतेन्द्र बघेल, धनंजय सिंह सांध्य, प्रकाश मसराम, अ.वाहिद अली, आरिफ सफारी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन की उपस्थिति रही।

## श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा भव्य श्याम मोपेड रैली का आयोजन आज

**जगप्रेरणा सिवनी।**

श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा खाटू वाले श्री श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आज 13 जून 2026, शनिवार को एक विशाल एवं आकर्षक श्याम मोपेड रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त अपने मोपेड एवं दोपहिया वाहनों के साथ शामिल होकर बाबा श्याम के जयकारों से नगर को भक्तिमय बनाएंगे।

रैली का शुभारंभ मठ मंदिर सिवनी से होगा तथा यह रैली अग्रवाल धर्मशाला, नेहरू रोड, शुक्रवारी, बारापत्थर, बड़े मिशन स्कूल, सर्किट हाउस के सामने, दलसागर तालाब, लक्ष्मीनारायण मंदिर, गंगानगर एवं गंज वार्ड होते हुए नागपुर रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में संपन्न होगी।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रैली का उद्देश्य बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा, भक्ति एवं प्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना तथा आगामी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रति लोगों को आमंत्रित करना है। रैली में शामिल सभी श्रद्धालु भगवा एवं श्याम निशान के साथ बाबा के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करेंगे।

समिति ने नगर के समस्त श्याम भक्तों, युवाओं एवं महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में रैली में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही सभी प्रतिभागियों से हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने एवं अनुशासन बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नागपुर रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 15, 16 एवं 17 जून को तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, निशान यात्रा, भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा।

## जिले में आपराधिक घटनाओं का बढ़ता ग्राफ यहाँ के लोगो के लिए चिंता का विषय : नरेश

**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी जिले में आपराधिक घटनाओं का बढ़ता ग्राफ यहाँ के लोगो के लिए चिंता का विषय है बीते कुछ दिनों से चाकूबाजी, हत्या, चोरी, बलात्कार, जुआ, अवैध शराब, सट्टा, सूखा नशा इन सब अपराधो में बढ़ोत्री हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नगर के मध्य सुभाष वार्ड में गोली चालन की इस गंभीर घटना को पुलिस प्रशासन को हल्के में नही लेना चाहिए, इतने भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में गोली चलाने की घटना को अंजाम दिया गया है इससे पता चलता है कि अपराधियों के मन में कानून का खौफ नही है। इस बात की जांच बारीकी से की जानी चाहिए कि अपराधियों के पास बंदूक और गोली कहाँ से आ रही है, इसके पूर्व में भी बारापत्थर क्षेत्र में गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई थी। हाल ही में पदस्थ पुलिस अधीक्षक ने अपराधो पर रोकथाम के लिए प्रयास किए है लेकिन वह प्रयास असफल होते नजर आ रहें है। सिवनी जिले में जुँए, क्रिकेट के सट्टे एवं अवैध शराब के विक्रय की घटना लम्बे समय से प्रचलित है। यदि जिले में अपराधो पर अंकुश लगाना है तो इन अवैध कार्यो से जुड़े हिस्ट्री सीटर बदमाशो पर शिकंजा कसना पड़ेगा। बींझावाड़ा में मेडिकल के छात्रों एवं ग्रामीणो के बीच मार पीट की घटना का विडियों तेजी से वायरल हुआ। श्री मरावी ने कहा कि वैसे तो सिवनी जिला बहुत ही शांत और सरल प्रवृत्ति के लिए जाना जाता है, यदि समय रहते अपराधो पर अंकुश नही लगाया गया तो जिले में आम नागरिको में, अपराधियों का खौफ बढ़ जाएगा।

## एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली नौशीन नाज़ का मुस्लिम विकास परिषद ने किया सम्मान..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन करने वाली सिवनी की होनहार महिला हॉकी खिलाड़ी नौशीन नाज़ का मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर परिषद के जिला अध्यक्ष साजिद खान सज्जू, जिला उपाध्यक्ष असलम मिर्जा जिला उपाध्यक्ष लाईक पटेल जिला सचिव फैजान खान कोषाध्यक्ष रहीम शाह मोलाना नुमान साहिब खान अरमान खान सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नौशीन नाज़ का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान करते हुए उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि नौशीन नाज़ ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल के दम पर न केवल सिवनी बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सभी उपस्थित सदस्यों ने नौशीन नाज़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल कर जिले और देश का नाम और ऊंचा करेंगी। कार्यक्रम के दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## जल संकट से जूझ रहे नगर वासी

### टैंकर एवं फायर ब्रिगेड से वार्डो में की जा रही पेयजल की पूर्ति..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर में विगत दो दिनों से जल संकट के कारण लोग परेशान हैं देखा गया कि प्रातः ऐसे ही लोग जल के स्त्रोत की तलाश में बर्तन देकर सड़कों पर निकले कुछ वार्डो में तो नगर पालिका द्वारा टैंकर से लेकर फायर ब्रिगेड तक वाहनों के माध्यम से पानी की सप्लाई की गई लेकिन कुछ वार्डो में लोग पानी के लिए मुहं ताकते रहे।

ज्ञातव्य है कि बिगत 2 माह से पानी की समस्या को लेकर लोग परेशान है नगरपालिका का हमेशा अपनी गलती को प्राकृतिक आपदा के रूप में कभी आंधी तूफान के कारण बिजली गुल हो जाना, खबें गिर जाना, मोटर खराब हो जाना, लाइन फूट जाना आदि को लेकर हमेशा समस्या बताई जाती लेकिन उसका समाधान निकालने को लेकर कभी पहल नहीं की जाती है जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है।

गौरतलब है कि अनेक वार्डो में हैंड पंप कुआं आदि की व्यवस्था लोग पूरी तरह से पेयजल के लिए नलों पर आश्रित है और ना आने पर उन्हें अपने वाहनों में दिन रात से पानी लाने को मजबूत होना पड़ता है ना तो वार्डो में निर्मित समस्या को लेकर समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं करते ऐसी स्थिति में लोगों को परेशान होना पड़ता है। इस संबंध में लोगों की आशाएं नगर पालिका अध्यक्ष, विधायक दिनेश राय सहित जिला प्रशासन पर टिकी हुई है।

हाल ही में चंद् दिनों बाद बारिश प्रारंभ होने की संभावना है लेकिन इसके पूर्व लोगों को जिस तरह से पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है वह चिंता का विषय बना हुआ है अभी घरों में कूलर चल रहे हैं जिसके चलते लोगों को पानी की आवश्यकता अधिक है आने वाले समय में पानी की मांग और अधिक बढ़ेगी जिसके 4 जिला प्रशासन को पानी की समस्या निराकरण के लिए अन्य स्त्रोतों पर भी गंभीरता पूर्ण विचार करने की आवश्यकता है।

## तेज हवा-तूफान से बिजली का पोल सड़क पर गिरा, आवागमन बाधित



**जगप्रेरणा उगली।**

जिले की केवलारी जनपद पंचायत अंतर्गत उप तहसील उगली क्षेत्र में शुक्रवार को तेज हवा और तूफान के चलते बड़ा हादसा टल गया। उगली से लगभग 15 किलोमीटर दूर खुरसुरा और कनारी के बीच मुख्य मार्ग पर बिजली का पोल गिर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर के समय अचानक तेज हवा और तफान चलने लगा, जिसके कारण सड़क किनारे स्थित बिजली का पोल सड़क के बीचों-बीच आ गिरा। पोल के साथ बिजली के तार भी नीचे लटक गए। घटना के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और पोल को हटाने तथा विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित तरीके से बहाल करने की कार्रवाई शुरू की गई। ग्रामीणों का कहना है, कि यदि घटना के समय सड़क पर अधिक यातायात होता तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। फिलहाल प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा मार्ग को शीघ्र सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

लगभग 1 घंटे की बारिश भी झमाझम पां. छपारा क्षेत्र में होने से एक तरफ प्रचंड गर्मी से राहत और वर्तमा खरीफ की फसल के लिये बारिश से कृषि कार्य में गती आयेगी, आने वाले समय में मानसून के अच्छे संकेत देखने को मिल रहे हैं, किसानों को राहत के साथ मानसून की दस्तक शुरू हो गई।

## बिजली संकट से कराह रहा घंसौर, किसान और आमजन बेहाल..

**अघोषित कटौती ने छीनी चैन की नींद, खेतों से लेकर बाजार तक मचा हाहाकार**

**जगप्रेरणा घंसौर।**

भीषण गर्मी और उमस के बीच घंसौर क्षेत्र इन दिनों बिजली संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग से आमजन के साथ-साथ किसानों की परेशानियां भी चरम पर पहुंच गई हैं। दिन हो या रात, कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है। खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए पंप समय पर नहीं चल पा रहे हैं, जिससे फसलें प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण खेती-किसानी का पूरा कार्य प्रभावित हो रहा है। रात में बिजली आने और अचानक चले जाने से किसानों को जागकर खेतों की निगरानी करनी पड़ रही है, जिससे उनकी दिनचर्या भी बिगड़ गई है। वहीं नगर क्षेत्र में भी बिजली संकट का असर साफ दिखाई दे रहा है। छोटे व्यापारी, कंप्यूटर सेंटर, फोटोकॉपी दुकानदार, वेल्डिंग एवं अन्य व्यवसाय बिजली न रहने के कारण प्रभावित हो रहे हैं। कारोबार में गिरावट आने से व्यापारियों की चिंता बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि मोटर पंप नहीं चल पाने से कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है।

गर्मी के इस मौसम में पंखे और कूलर बंद रहने से बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय बिजली कटने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जनआंदोलन की स्थिति बन सकती है। घंसौर की जनता अब राहत की उम्मीद लगाए बैठी है और जिम्मेदार अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रही है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रैंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

शनिवार 13 जून 2026




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975




## बंजर नदी के उद्गम स्थल बंजारपुर पहुंचे पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, जल संरक्षण का दिया संदेश..

### नदियों के उद्गम स्थल अपूर्व ऊर्जा से भरे होते हैं, इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी'- बोले मंत्री प्रहलाद पटेल





जगप्रेरणा बालाघाट।

***म.प्र. के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को छ.ग. के खैरागढ़ जिले के ग्राम बंजारपुर स्थित नर्मदा की प्रमुख सहायक बंजर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।***

इस दौरान उन्होंने उद्गम स्थल की परिक्रमा कर जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश दिया तथा आमजन से नदियों को प्रदूषण मुक्त और जीवंत बनाए रखने के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बंजर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान वे पहले बेतवा नदी के उद्गम स्थल की यात्रा कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश से जुड़ी सभी नदियों के उद्गम स्थलों तक पहुंचने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि अब तक वे 112 नदियों के उद्गम स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ÷मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहां से निकलने वाली नदियां देश के विशाल भूभाग को जीवन प्रदान करती हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्षों से हो रही अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण नदियों के प्राकृतिक तट और जलग्रहण क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जिससे अनेक नदियां गर्मी के मौसम में सूखने लगी हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता नदियों को पुनर्जीवित करने की है और जल गंगा संवर्धन अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। श्री पटेल ने बताया कि बंजर नदी का उद्गम बालाघाट जिले की सीमा से लगे बंजारपुर में स्थित है। यह नदी बालाघाट जिले में प्रवेश करती है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व की जीवनरेखा है बंजर

बंजर नदी का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह विश्व प्रसिद्ध कान्हा। टाईगर रिजर्व के विस्तृत वन क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है। यह नदी वन्यजीवों और जैव विविधता के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाती है तथा जंगल में निवास करने वाले असंख्य वन्य प्राणियों के लिए पेयजल का प्रमुख स्त्रोत है। लगभग 150 किलोमीटर की यात्रा तय करने के बाद बंजर नदी बालाघाट से मंडला जिले के महाराजपुर क्षेत्र में पहुंचती है और अंततः पवित्र नर्मदा नदी में समाहित हो जाती है। कार्यक्रम में नगर पालिका मलाजखंड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री उमेश देशमुख, जनपद सदस्य श्री देवन मरकाम, श्री आनंद कोछड़, श्री ढालसिंह चौधरी, योगेश ठाकरे, टोपराम पटले, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सवैधानिक संस्थाओ के दुरूपयोग पर जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे के नेतृत्व में सेवादल ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन..

### की सवैधानिक संस्थाओ की रक्षा की मांग, बोले सत्तारूढ़ सरकार के दबाव में काम कर रहा प्रशासनिक अमला..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश के राज्यसभा सांसद चुनाव में, कांग्रेस की प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन के नामांकन फार्म निरस्त होने पर, कांग्रेस, नाराज है और लगातार वह इसको लेकर प्रदर्शन, आंदोलन और ज्ञापन दे रही है। शुक्रवार को***

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे की अगुवाही में कांग्रेस ने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कांग्रेस ने राज्यसभा सांसद चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन रद्ध करने का आरोप सत्तारूढ़ सरकार पर लगाते हुए संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा की मांग की। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे ने बताया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। सुश्री मीनाक्षी नटराजन के नामांकन फार्म निरस्त होना, इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सत्ता के दबाव में रिर्टनिंग अधिकारी ने बिना कोई सुनवाई का अवसर दिए, नामांकन निरस्त कर दिया। उन संस्थाओ की मजबूती और आम जनता का विश्वास बना रहे, इसको लेकर आज हम कांग्रेसी एकत्रित होकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पहुंचे है। कांग्रेस संगठन महासचिव शफक्रत खान ने बताया कि राज्यसभा चुनाव में सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फार्म निरस्त करने में प्रशासनिक अमले के साथ ही सरकार का एक बड़ा दबाव है। प्रदेश में सतारूढ़ सरकार के दबाव में प्रशासनिक अमला काम कर रहा है, जिसके खिलाफ आज कांग्रेस सेवादल ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि, हमारी यह लड़ाई अभी जारी रहेगी।

### यह रहे उपस्थित..

इस दौरान संगठन महासचिव शफक्रत खान, अनिल सोनी, पूर्व पार्षद पन्ना शर्मा, छबीलाल नागेश्वर, महिला अध्यक्ष सेवादल रेशमा कुंभारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिवम विश्वकर्मा, सेवादल उपाध्यक्ष उपेन्द्र बिसेन, आसिफ खान, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष प्रणय धार्मिक, भीम वाहने, दिलीप बिसेन, साबिर मंसुरी, जयकृष्ण डिंगरु, केवलसिंह झारिया, मधु गजभिए, ऋषभ सहारे, पूजा गोस्वामी ,ज्योति शर्मा, अफरोज कुरैशी, रामसिंग भाटिया, राजू बोस, राधेश्याम तुरकर ,शिवाजी, कन्हैया पटले सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को जानने सेवा सहकारी समितियो के पास पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार

### खाद-बीज व्यवस्था का निरीक्षण कर कमियों पर दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने खाद-बीज की उपलब्धता, वितरण***

व्यवस्था एवं अन्य कृषि संबंधी समस्याओं से जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। सम्राट सिंह सरसवार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा खाद-बीज का वितरण पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान समिति में उपलब्ध खाद एवं बीज के स्टॉक, वितरण रजिस्टर तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखते हुए समय पर खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग की, जिस पर अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार महोदया, जिला पंचायत सदस्य डाली कावेरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रुक्मणी मावले, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव जुगल शर्मा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष भुरू पटेल, जनपद सदस्य रंजन वैद्य, विकास हजारी, नवीन चौधरी (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हट्टा), कांग्रेस मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी धर्मेंद्र धांडे जनपद सदस्य असीम चौहान युवा नेता मनीष कवाडे छात्र नेता सोमेंद्र बांसोड़ इंद्रसेन कावड़े, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष निक्सन कावड़े, बूथ अध्यक्ष संदीप राउत, हीरा पात्रे, सूरज ढेकवार, दीपक रंगारे, वीरेन्द्र बिसेन (उपसरपंच हट्टा), मनीष कावड़े, रामरतन मेढेकर, मोहनलाल मेश्राम, तुलसीदास पात्रे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार द्वारा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देने और मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने की सराहना की। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निरीक्षण के बाद किसानों को खाद-बीज वितरण से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलेगी तथा कृषि व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## जायद फसलों की गिरदावरी में कम प्रगति पर जताई नाराजगी, तहसीलदारों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

### फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में 12 जून को जिला कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे एवं श्री डी.पी. बर्मन ने की। बैठक में जिले में संचालित***

विभिन्न राजस्व कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री एम.आर. कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन ने फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की।

**कुछ तहसीलों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नक्शा तरमीम कार्यों की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर श्री बर्मन ने सभी तहसीलदारों को इसमें तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अभिलेखों में शुद्धता और समय पर अद्यतन कार्य सुनिश्चित करने जोर दिया। और कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।**

### जायद फसलों की कम गिरदावरी पर वेतन रोकने के निर्देश

बैठक में जायद फसलों की गिरदावरी की प्रगति की समीक्षा के दौरान कई तहसीलों में कार्य की गति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अपर कलेक्टर श्री बर्मन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी संबंधित तहसीलदारों का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि गिरदावरी कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों सहित विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किए जाएं तथा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर श्री बर्मन ने कुछ तहसीलों में लंबित शिकायतों की संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि 500 दिवस से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए।

### नगर पालिका परिषद के परिसर मे आयोजित जन कल्याण शिविर और

## लोक कल्याण मेले में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ






जगप्रेरणा बालाघाट।

***केंद्र एवं मध्यप्रदेश शासन की जनहितकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शुक्रवार को कार्यालय***

परिसर में जनकल्याण शिविर, लोक कल्याण मेला एवं पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में जनसंवाद, आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष ढिलन सिंह ताराम, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति वकील वाधवा, कमलेश पांचे, उज्ज्वल आमाडारे, संगीता खगेश कावरे, पार्षद संगीता थापा, मनीष नेमा, विशाल मंगलानी, डॉ. अक्षय कटरे, नरेश अग्रवाल, संतोष लिल्हारे, गणेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, बैंक प्रतिनिधि, नगरपालिका अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजू वराड़े ने किया तथा आभार प्रदर्शन योगिता विनय बोपचे ने किया।

शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सात हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए, जबकि श्रम योगी मानधन योजना में 37 आवेदकों का पंजीयन किया गया। स्वनिधि से समृद्धि अभियान के अंतर्गत 15 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा 17 हितग्राहियों का डिजिटल एक्टिवेशन किया गया तथा 18 खाद्य सामग्री विक्रेताओं को एफएसएसएआई फूड सेफ्टी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। योजना का त्वरित लाभ दिलाने के लिए विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा विशेष स्टॉल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई, जिसे नागरिकों ने सराहा।

### बोली भारती ठाकुर..

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की अनेक योजनाएं पात्र लोगों के जीवन में सकारात्मक और क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं, लेकिन अभी भी कई पात्र नागरिक ऐसे हैं जिन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने वार्ड पार्षदों एवं नगरपालिका कर्मचारियों के संपर्क में रहकर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। महिला सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाएं समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में परिवर्तन ला रही हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

### 15 और 17 जून को भी लगेंगे शिविर

नगरपालिका अध्यक्ष ने जानकारी दी कि जनकल्याण शिविरों की अगली कड़ी में 15 जून को फायर स्टेशन बिरसा मुंडा चौक, बुढ़ी तथा 17 जून को सिंधु भवन में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि जो पात्र हितग्राही अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।


नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

जग प्रेरणा
लालबर्रा / बैहर / परसवाडा
● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

# जनकल्याण शिविर परसवाड़ा में हितग्राहियों को वितरित किए गए स्वीकृति प्रमाण पत्र..

## एसडीएम श्री श्रीश प्यासी की उपस्थिति में हुआ शिविर का आयोजन

## योजनाओं का लाभ लेकर लाभान्वित हुए आवेदक





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 12 जून 2026 को परसवाड़ा में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनहितैषी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं*** की जानकारी आमजन को प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री श्रीश प्यासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पात्र आवेदकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें योजनाओं के लाभ से जोड़ने की पहल की। इस अवसर पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफदिखाई दिया।

एसडीएम श्री प्यासी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनकल्याण अभियान के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिल रही है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करना चाहिए। शासन द्वारा संचालित योजनाएं समाज के सभी वर्गों के कल्याण और विकास के लिए बनाई गई हैं, जिनका लाभ उठाकर नागरिक अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्रों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई। कई हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

जनकल्याण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, हितग्राही एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित यह शिविर शासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत बनाने के साथ-साथ जरूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित हुआ।

# मलाजखंड मे जनकल्याण शिविर में किसानों को वितरित किए गए रागी एवं अरहर के बीज..

## कृषि विभाग ने डीएसआर पद्धति, एआईएफयोजना और धरती माता बचाओ अभियान की दी जानकारी



जगप्रेरणा मलाजखंड।

***राज्य शासन के जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 11 जून 2026 को नगर पालिका परिषद मलाजखंड परिसर में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री अर्पित गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया,***

जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं एवं खरीफ फसलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषक श्री विजय वलके, श्री जानकी प्रसाद ठाकरे, श्री संत कुमार रामटेके, श्री उमेश कटरे, श्री युवराज कटरे, श्री कृष्ण मुरारी मरावी तथा श्री रूपलाल कटरे को रागी एवं अरहर फसल के उन्नत बीज वितरित किए गए। बीज वितरण कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, पार्षद श्रीमती मधु सेंद्रे, तहसीलदार श्री राजू नामदेव, नगर पालिका सीएमओ श्री दिनेश बाघमारे, जनपद पंचायत सीईओ श्री नितिन भट्ट, नायब तहसीलदार श्री रतनसिंह धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री योगेश वाहने तथा कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री पूनम तुरकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को खरीफसीजन के लिए विभाग में उपलब्ध कोदो, कुटकी, रागी, अरहर एवं धान के उन्नत बीजों की जानकारी दी। साथ ही किसानों को धान उत्पादन की आधुनिक डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति के बारे में विस्तार से बताया गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि डीएसआर तकनीक कम पानी, कम श्रम और कम लागत में बेहतर उत्पादन देने वाली आधुनिक कृषि पद्धति है, जो जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शिविर में किसानों को एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (ढ्ढस्न) योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना के माध्यम से कृषि अधोसंरचना के विकास हेतु रियायती दरों पर ऋण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार, जैविक एवं संतुलित खेती तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी किसानों को जागरूक किया गया।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को विशेष रूप से समझाइश दी कि वे जिन फसलों की बुवाई करें, उनके रकबे का विवरण संबंधित पटवारी से गिरदावरी में अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं।

अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी के लिए गिरदावरी में दर्ज फसल का रिकॉर्ड महत्वपूर्ण आधार होता है। यदि फसल का सही विवरण राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं होगा, तो किसानों को भविष्य में उपार्जन एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

जनकल्याण शिविर में किसानों ने विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी में विशेष रुचि दिखाई तथा अधिकारियों से विभिन्न कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

शिविर का उद्देश्य किसानों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना, आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रसार करना तथा कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में किसानों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने तथा समय पर गिरदावरी दर्ज कराने की अपील की गई।

# अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम का वन ग्राम जैतपुरी में हुआ आगमन..









अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***मध्यप्रदेश प्रदेश सरकार में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य एवं बैहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम का गढ़ी मंडल के अंतर्गत वन ग्राम जैतपुरी स्थित बालक छात्रावास में आयोजित समस्या निवारण***

शिविर (जनसुनवाई) कार्यक्रम में सहभागिता कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। शिविर में मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी आमजन तक पहुँचाई गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सुशासन का मूल उद्देश्य यही है कि शासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचे और उनकी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ सुनिश्चित करे। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद की यह कड़ी और अधिक सशक्त होती है। जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## जनजाति वर्ग की महिलाओं से किया मुलाक़ात..

इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं से जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम ने की मुलाकात और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन भी दिया गया। क्षेत्रवाशियो के द्वारा सबसे बड़ी और गंभीर समस्या गढ़ी क्षेत्र में कॉलेज और आई टी आई का होना बहुत जरूरी है।जिससे कि बच्चों को बैहर ना जाना पड़े। और भी लोगों ने लगभग 25 अपनी समस्या का आवेदन दिया जिसकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु आश्वासित किया गया है। शासकीय हाइस्कूल जैतपुरी के छात्र छात्राओं साइकिल वितरण भी किया गया।

## इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक और अधिकारी, कर्मचारी गण..

इस कार्यक्रम में उपस्थित अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनुपमा नेताम, मंडल अध्यक्ष सुश्री सोनाली कुशराम, महामंत्री श्री टेकलाल धानेश्वर, श्री शगुन लाल भुनेश्वर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अमरौतिन धुर्वे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक पांडे, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, खेमराज भारद्वाज, वरिष्ठ कार्यकर्ता चेतराम सिंधराम, इमरत परते, शीतल धुर्वे, सालिकराम पंद्रे, मंगल यादव, अंतराम परते, सरपंच समरिया, सरपंच जैतपुरी, सरपंच धीरी, सरपंच मोहरई, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ये विभाग रहे उपस्थित

शिविर में मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिसमें स्वस्थ विभाग, शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, विद्युत विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग, कृषि विभाग, पी एच ई विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता विभाग, आयुष विभाग और क्षेत्र के सभी आदिवासी छात्रवासों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

# जनकल्याण अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहा उद्यानिकी विभाग

## किसानों को आधुनिक खेती अपनाने के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित







जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याण अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग विकासखंड परसवाड़ा द्वारा किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी खेती से जोडने् के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।


इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

इसी क्रम में उद्यान अधिकारी श्री एस.एल. मर्सकोले एवं श्रीमती चांदनी रहांगडाले द्वारा विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम कलेगांव, परसाटोला, कुरेंडा, सुरवाही एवं खुरमुंडी का भ्रमण कर किसानों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान किसानों को उद्यानिकी फसलों के बढ़ते महत्व, उनकी व्यावसायिक संभावनाओं तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उद्यान अधिकारियों ने किसानों को बताया कि वर्तमान समय में पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों का उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। फल, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों की खेती से किसान कम क्षेत्र में भी अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। बाजार में इन फसलों की बढ़ती मांग किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा आम, अमरूद, नींबू सहित विभिन्न फलदार पौधों के रोपण पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस तथा कृषि यंत्रीकरण जैसी योजनाओं का लाभ भी पात्र किसानों को दिया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करना तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेती अधिक वैज्ञानिक, लाभकारी एवं टिकाऊ बन सकती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी कृषि पद्धतियों में नवाचार अपनाएं और खेती को व्यवसायिक रूप दें।ग्राम भ्रमण के दौरान किसानों ने भी योजनाओं के संबंध में अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। किसानों को योजनाओं के लिए आवश्यक पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा अनुदान संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

उद्यानिकी विभाग ने इच्छुक किसानों से अपील की है कि वे विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने विकासखंड के उद्यानिकी कार्यालय से संपर्क करें तथा समय पर आवेदन कर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अभियान के दौरान किसानों को यह संदेश भी दिया गया कि आधुनिक उद्यानिकी खेती केवल आय बढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।÷आइए, हम सब मिलकर आधुनिक उद्यानिकी को अपनाएं, खेती को अधिक लाभकारी बनाएं और समृद्ध एवं आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण में अपना योगदान दें।÷







जग प्रेरणा
वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार
शनिवार 13 जून 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297




## खरीफ की तैयारियों में जुटा कृषि विभाग..

# डीएसआर तकनीक को बढ़ावा देने कृषि सखियों और किसानों को दिया विशेष प्रशिक्षण

### जल संरक्षण और कम लागत में अधिक उत्पादन का प्रभावी विकल्प बन रही है धान की सीधी बुवाई पद्धति





जगप्रेरणा बालाघाट।

*रबी फसल सीजन के सफल समापन के बाद कृषि विभाग अब खरीफ 2026 की तैयारियों में पूरी तरह सक्रिय हो गया है। किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जा रहा है।*

इसी क्रम में दिनांक 11 जून 2026 को आत्मा (ञरू) परियोजना अंतर्गत ङ्खक्रढ्ढ संस्था, नई दिल्ली के सहयोग से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलेभर से आई कृषि सखियों तथा आत्मा परियोजना के अंतर्गत प्रदर्शन करने वाले चयनित किसानों को धान की डायरेक्ट सीडेड राइस (ष्ठस्क्र) अर्थात सीधी बुवाई की वैज्ञानिक पद्धति का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ङ्खक्रढ्ढ संस्था की तकनीकी विशेषज्ञ श्रीमती श्रुति अरविंद ने प्रतिभागियों को डीएसआर तकनीक की विशेषताओं एवं लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रोपा पद्धति की तुलना में डीएसआर तकनीक अधिक आधुनिक, किफायती और पर्यावरण अनुकूल है। इस पद्धति में धान की नर्सरी तैयार करने तथा रोपाई की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि खेत में सीधे बीजों की बुवाई की जाती है। इससे श्रम, समय और उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आती है तथा किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में डीएसआर तकनीक जल संरक्षण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पद्धति में पारंपरिक धान रोपाई की तुलना में काफी कम पानी की आवश्यकता होती है, जिससे भू-जल स्तर के संरक्षण में मदद मिलती है और सिंचाई पर होने वाला खर्च भी कम होता है।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों एवं किसानों को खेत की वैज्ञानिक तैयारी, बीज उपचार की विधि, उन्नत एवं उच्च उत्पादकता वाली धान किस्मों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा सिंचाई प्रबंधन के संबंध में विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि डीएसआर तकनीक को वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार अपनाया जाए तो यह किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बना सकती है।

### जिले में 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में डीएसआर का लक्ष्य

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जिले में कार्यरत 100 कृषि सखियों को इस खरीफसीजन में विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक कृषि सखी को अपने कार्यक्षेत्र में 50 हेक्टेयर भूमि पर डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई सुनिश्चित कराने का लक्ष्य दिया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को डीएसआर तकनीक के दायरे में लाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि विभाग का मानना है कि कृषि सखियां किसानों और विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य कर रही हैं। उनके माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे किसान नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### सुपर सीडर और सीड ड्रिल मशीनों के उपयोग की दी जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा श्री फूलसिंह मालवीय ने प्रतिभागियों को डीएसआर तकनीक के लिए उपयोगी कृषि यंत्रों की जानकारी दी।

उन्होंने सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल मशीनों के संचालन, उपयोगिता तथा इनके माध्यम से धान की सीधी बुवाई करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से किसानों को कम समय में अधिक क्षेत्र में बुवाई करने की सुविधा मिलती है, जिससे श्रम लागत में कमी आती है और खेती अधिक लाभकारी बनती है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि डीएसआर पद्धति भविष्य की कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभर रही है।

### खरीफसीजन में तकनीकी खेती को मिलेगा बढ़ावा

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मा समिति के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषि सखियां और किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जल संरक्षण, लागत में कमी और उत्पादन वृद्धि के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग को उम्मीद है कि डीएसआर तकनीक के व्यापक प्रचार-प्रसार और कृषि सखियों की सक्रिय भागीदारी से जिले में खरीफसीजन के दौरान धान उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों को कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त होगा। यह पहल जल संरक्षण, आधुनिक खेती और किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# हितग्राही मूलक योजनाओं में हितलाभ प्रदान करने जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन



जगप्रेरणा वारासिवनी।

*मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जनकल्याणकारी योजनाओं के* क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान संचालन हेतु जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा दिनांक 12 जून से 18 जून 2025 के मध्य प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालय पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाने निर्देश जारी किए गए है ।

इसी अनुक्रम में आज दिनांक 12 जून को वार्ड क्रमांक 1,2,एवं 3 का संयुक्त शिविर नगर पालिका परिषद द्वारा स्थान गणेश चौक वार्ड क्रमांक 02 में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनी गई तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही की गई।

शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही राजस्व, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, संपत्तिकर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पीएम स्वनिधि श्रम योगी मानधन योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं सहित अन्य जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं मांगों का निराकरण किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु ऐसे शिविरों में सहभागिता करने का आग्रह किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे एवं उन्होंने शिविर की सराहना की।

नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार आगामी तिथि दिनांक 15 जून 2026 को वार्ड क्र 4,5,6 एवं 7 का शिविर स्थान वार्ड क्रम 05 स्व अटल बिहारी वाजपेई सामुदायिक भवन दिनांक16 जून को वार्ड 8,9 एवं 10 का शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 9 अयोध्या बस्ती आंगनवाड़ी केंद्र दिनांक 17 जून को वार्ड क्रमांक 11,12 व 13 का संयुक्त शिविर वार्ड क्र 12 शीतला माता मंदिर परिसर एवं दिनांक 18 जून को वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 का शिविर स्थान नगर पालिका कार्यालय में आयोजित किया गया है इस प्रकार के जनकल्याण शिविरों का आयोजन कर समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं में लाभ से वंचित हितग्राहियों का पंजीयन कर हितलाभ प्रदान किया जाएगा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके द्वारा नागरिकगणों से अपील की गई है कि शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करे।

# जनकल्याण अभियान के तहत ग्राम कोचेवाही में एसडीएम ने लगाई रात्रिकालीन चौपाल..

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याण अभियान के अंतर्गत प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार* गांव-गांव पहुंच रहा है। इसी क्रम में 11 जून 2026 को वारासिवनी अनुविभाग के ग्राम कोचेवाही में रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वारासिवनी श्री कार्तिकेय जायसवाल ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

रात्रिकालीन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, राजस्व प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कृषि संबंधी समस्याओं तथा अन्य जनहित के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा। एसडीएम श्री जायसवाल ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री जायसवाल ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनकल्याण अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा जनता और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत बनाना है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया तथा कहा कि पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहें, इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव स्तर पर नियमित भ्रमण करें, समस्याओं की जानकारी लें और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव में पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने और समाधान की दिशा में त्वरित पहल किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। रात्रिकालीन चौपाल में राजस्व, पंचायत, ग्रामीण विकास, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना, शासन की योजनाओं की जानकारी देना तथा विकास कार्यों में जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और गांवों के विकास को नई गति मिलेगी। जनकल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित यह रात्रिकालीन चौपाल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# ग्राम सेलवा में आयोजित हुआ जनकल्याण शिविर, पात्र हितग्राहियों को मिला विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ

### अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं, योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित..



जगप्रेरणा कटंगी।

*मध्यप्रदेश शासन के जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 12 जून 2026 को कटंगी तहसील के ग्राम सेलवा में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन की जनहितैषी एवं* हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी श्री के.सी. ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ श्री गायत्री कुमार सारथी, तहसीलदार श्री शांडिल्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री पुष्पेंद्र रानाडे सहित विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवश्यकतानुसार निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

जनकल्याण शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

एसडीएम श्री के.सी. ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका अधिकतम लाभ उठाएं। जनपद पंचायत सीईओ श्री गायत्री कुमार सारथी ने कहा कि जनकल्याण अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों का पंजीयन भी किया गया तथा आवश्यक मामलों में संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम सेलवा में आयोजित जनकल्याण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ घर के निकट उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक सेवाओं को जनसुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हुआ, जहां उन्हें न केवल योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई बल्कि अनेक पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, जंगल में संचालित महुआ शराब की भट्ठी नष्ट..

### 700 किलो महुआ लाहन एवं 40 लीटर कच्ची शराब बरामद..

### वारासिवनी क्षेत्र में छापेमारी, तीन प्रकरण दर्ज, 76 हजार रुपये की सामग्री जब्त..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के* तहत आबकारी विभाग ने 12 जून 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए वारासिवनी क्षेत्र में महुआ शराब निर्माण के अवैध अड्डों पर छापेमारी की गई है और 76 हजार रुपये का महुआ लाहन एवं कच्चीस शराब जब्त की गई है।

आबकारी विभाग की टीम द्वारा वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम कटीटोला साल्हे। से लगे जंगल एवं नालों के किनारे आकस्मिक दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को महुआ शराब निर्माण के लिए संचालित पारंपरिक देशी भट्ठी चालू अवस्था में मिली, जहां अवैध रूप से महुआ शराब तैयार की जा रही थी। आबकारी अमले ने मौके पर ही अवैध भट्ठी को नष्ट कर दिया तथा क्षेत्र की सघन तलाशी के दौरान लगभग 40 लीटर महुआ की कच्ची शराब और शराब निर्माण के लिए तैयार लगभग 700 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। विभागीय कार्रवाई के तहत महुआ लाहन के आवश्यक नमूने सुरक्षित रखे गए तथा शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि उसका पुनः उपयोग न किया जा सके। जब्त की गई सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 76 हजार रुपये आंका गया है।

आबकारी विभाग द्वारा जब्त की गई अवैध शराब एवं महुआ लाहन के संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। प्रकरणों को विवेचना में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में वृत प्रभारी एवं उपनिरीक्षक श्री रमाकांत बघेल, आबकारी आरक्षक श्री भानुप्रताप मर्सकोले तथा श्रीमती अनीता कुमारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में जंगल एवं नाला क्षेत्रों में पहुंचकर यह कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की।

जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है तथा विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

## कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 15 को नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिलेंगी जिम्मेदारियां



जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने के उद्देश्य से आगामी 15 जून 2026 को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।***

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी एवं बहेला के कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें पंचायत स्तर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। सम्मेलन का आयोजन सुबह 11 बजे सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में किया जाएगा।

कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ना तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और रणनीतियों पर चर्चा करना है। साथ ही नए पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों एवं संगठनात्मक दायित्वों के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति स्तर पर नियुक्त किए गए पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इससे संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और जमीनी स्तर पर संगठन और अधिक सशक्त होगा। सम्मेलन में संगठन की नीतियों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा क्षेत्रीय विकास संबंधी विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय, संवाद और संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ब्लॉक एवं नगर स्तर के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला एवं नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## खेती किसानी, कृषि अधिकारियों का औचक निरीक्षण, कृषि केंद्र में मिली अनियमितताएं..

### विक्रय कार्य पर लगाया प्रतिबंध..



जगप्रेरणा लांजी।

***जिले भर में कृषि विभाग के द्वारा लगातार कृषि केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया जा रहा है उद्देश्य है किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज तथा संबधित कृषि सामग्री उपलब्ध हो***

तथा सभी कृषि केन्द्र नियमों के आधार पर ही कृषि केन्द्रो का संचालन करे। इसी कड़ी में 12 जुन को जिला कलेक्टर मृणाल मीना एवं उप संचालक कृषि फूल सिंह मालवीय के निर्देशन में जिलेभर में कृषि आदान विक्रेताओं की जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा चौधरी ट्रेडर्स कृषि केंद्र, भानेगांव का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एसडीओ खुदीराम सनोडिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे अपने दल के साथ उक्त चौधरी ट्रेडर्स कृषि केन्द्र भानेगांव पंहुचे, निरीक्षण के दौरान संचालक संजय चौधरी विक्रेता द्वारा कई अनियमितताएं बरती गई है। अधिकारियों ने पाया कि केंद्र में स्टॉक बुक संधारित नहीं की जा रही थी, प्रिंसिपल सर्टिफिकेट संलग्न नहीं था, बिल बुक उपलब्ध नहीं थी तथा लाइसेंस निर्धारित स्थान पर चस्पा नहीं किया गया था। उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा संबंधित कृषि केंद्र का विक्रय कार्य तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

साथ ही बीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए बीज के नमूने भी संग्रहित किए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु जांच लैब भेजा जाएगा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। कृषि विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि उच्च गुणवत्ता वाले बीज एवं अन्य सामग्री की जांच कर खरीदी की जाये।

## केंद्र सरकार के 12 साल की सांसद, विधायक ने बताई उपलब्धियां..

### सुंदरकांड में शरिक होकर जिले के विकास के लिए हुई पूजा अर्चना..





जगप्रेरणा लांजी।

***केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान के तहत गांव-गांव दौरा किया जा रहा है।***

इसी क्रम में बालाघाट-सीवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 11 एवं 12 जून 2026 को लांजी विधानसभा क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। सांसद पारधी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 जून गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे लांजी के लिए रवाना हुईं। इस दौरान उन्होंने डूंडासिवनी, मोहगांवखुर्द, भालवा, माटे (पोर्टीटोला), मोरवाही (दहेदी), आमगांव, किरनापुर, वारा, अकोला, कोकना, भानेगांव, बेनेगांव, ककोड़ी सहित अनेक गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया। वे विभिन्न गांवों में आयोजित विशेष कार्यक्रमों में शामिल हुईं, जहां स्थानीय आमजन, पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। सांसद ने हर जगह लोगों का हाल-चाल जाना, उनकी समस्याएं सुनीं और केंद्र सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी दी।

### लांजी के नए राम मंदिर में सुंदर कांड पाठ..

दिनभर के व्यापक दौरे के बाद रात्रि करीब 9 बजे सांसद भारती पारधी लांजी पहुंचीं। यहां पुराना गुजरी चौक स्थित मां लंजकाई मंदिर ट्रस्ट के अधीन राम मंदिर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुंदर कांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया था। सांसद श्रीमती पारधी मंदिर पहुंचते ही रामलला की पूजा-अर्चना की और भक्तिमय माहौल में सुंदर कांड का पाठ किया। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे, भाजपा के जिला-मंडल पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसादी वितरित की गई।

## जिले में डीएसआर तकनीक को मिल रहा किसानों का समर्थन..

### कई विकासखंडों में सुपर सीडर से हुई धान की बुवाई

### कृषि विभाग ने धरती माता बचाओ अभियान के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती, हरी खाद एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए किया जागरूक..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***खरीफसीजन 2026 में कृषि विभाग द्वारा धान उत्पादन की आधुनिक एवं जल संरक्षण आधारित डीएसआर***

(डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक को बढ़ावा देने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में विभिन्न विकासखंडों के किसानों द्वारा सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से धान की सीधी बुवाई की जा रही है। किसानों को डीएसआर तकनीक के लाभों, प्राकृतिक खेती तथा मृदा संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

### भरवेली, देवरी और भण्डारपुर में डीएसआर से हुई धान की बुवाई..

दिनांक 11 जून 2026 को बालाघाट विकासखंड के ग्राम भरवेली में डीएसआर पद्धति अपनाने के लिए चयनित किसानों को सुपर सीडर उपलब्ध कराया गया। इस यंत्र की सहायता से लगभग 3 हेक्टेयर क्षेत्र में धान फसल की बुवाई डीएसआर विधि से की गई। इसी प्रकार विकासखंड बिरसा के ग्राम देवरी एवं भण्डारपुर में कृषक श्री बालकृष्ण तुरकर एवं श्री देवसिंह पटले के कुल 5 हेक्टेयर क्षेत्र में डीएसआर पद्धति से धान की बोनी कराई गई। कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि डीएसआर तकनीक से कम पानी, कम श्रम एवं कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है तथा यह जल संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है।

### लालबर्रा क्षेत्र में किसानों ने दिखाई विशेष रुचि..

विकासखंड लालबर्रा के ग्राम नेवरगांव (व.) में पांच किसानों-श्री लेखेंद्र बोपचे, श्री लेखेंद्र चौधरी, श्री सुखराम भगत, श्री शिवराम बोपचे एवं श्री बंशीलाल हरिनखेड़े द्वारा लगभग 3 हेक्टेयर क्षेत्र में काला धान प्रतिरोधी फुल पैकेज के अंतर्गत बुवाई का कार्य किया गया। वहीं ग्राम पाथरी के किसानों द्वारा 4 हेक्टेयर क्षेत्र में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर तकनीक से धान की बुवाई की गई। इस दौरान आधुनिक कृषि यंत्रों की कार्यप्रणाली को देखने के लिए बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। विशेष रूप से महिला कृषकों ने भी सुपर सीडर मशीन के संचालन और इसके लाभों को लेकर उत्साह दिखाया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को मशीन की कार्यप्रणाली, उपयोग विधि एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### वारासिवनी के नगझर में किसानों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण..

विकासखंड वारासिवनी के ग्राम नगझर में 16 कृषकों को डीएसआर पद्धति से धान की खेती करने एवं उसके लाभों की जानकारी दी गई। किसानों को सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल मशीनों के उपयोग, हरी खाद के महत्व, नरवाई प्रबंधन, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा कृषि लागत कम करने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इसके साथ ही किसानों को एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड **(IF)** योजना के बारे में जानकारी देते हुए आवेदन प्रक्रिया एवं योजना के लाभों से अवगत कराया गया। कृषि विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय में धान एवं अरहर के उन्नत बीज उपलब्ध हैं, जिनका लाभ किसान प्राप्त कर सकते हैं।

### धरती माता बचाओ अभियान के तहत दिया गया जागरूकता संदेश..

सभी कार्यक्रमों के दौरान धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती को अपनाने, जैविक संसाधनों के उपयोग तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए हरी खाद, जैविक खाद और फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देना आवश्यक है।

कृषि विभाग द्वारा जिले में डीएसआर तकनीक के व्यापक विस्तार के लिए लगातार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से किसानों की उत्पादन लागत में कमी आएगी, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सकेगा। खरीफ सीजन के दौरान जिले में डीएसआर तकनीक के प्रति किसानों की बढ़ती रुचि यह संकेत दे रही है कि आने वाले समय में यह पद्धति धान उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का आधार बनेगी।

## अपेक्स बैंक अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने ली जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक..

### सहकारिता क्षेत्र को सशक्त एवं पारदर्शी बनाने पर दिया जोर..

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट के सीईओ अभिनव सिंह बघेल हुए शामिल..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) भोपाल के प्रशासक एवं अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह यादव ने 12 जून को जबलपुर प्रवास के दौरान जबलपुर संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के***

अधिकारियों की संभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में बैंकिंग कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा सहकारिता क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्री यादव ने बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन,ऋण वितरण, वित्तीय प्रबंधन, किसान हितैषी योजनाओं तथा बैंकिंग सेवाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों, खाताधारकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। अपने संबोधन में अपेक्स बैंक अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है।

इसे और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी तथा जनहितैषी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों, खाताधारकों एवं आम नागरिकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना सहकारी बैंकों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक के उपरांत श्री यादव ने बैंक का निरीक्षण भी किया तथा बैंक की कार्यप्रणाली, सेवा गुणवत्ता, ग्राहक सुविधाओं एवं वित्तीय गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बैंक अधिकारियों से संवाद कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर अपेक्स बैंक भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री आर.सी. पटले, संभागीय अधिकारी जबलपुर संभाग, संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर संभाग सहित विभिन्न जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री अभिनव सिंह बघेल ने भी सहभागिता करते हुए बैंक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में सहकारी बैंकों की कार्यक्षमता बढ़ाने, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा किसानों एवं खाताधारकों को अधिक प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की गई।

सहकारिता क्षेत्र के विकास एवं बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से आयोजित यह संभागीय समीक्षा बैठक महत्वपूर्ण रही, जिसमें भविष्य की कार्ययोजना एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

SONO VIEW

SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN | MRI CENTER

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
- M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## दूरसंचार (टेलीविजन, रेडियो और संबंधित सेवाएं) नियम, 2026 ड्राफ्ट : 27 जुलाई 2026 तक सुझाव आमंत्रित– भारत के प्रसारण क्षेत्र में डिजिटल युग के अनुरूप नियामक क्रांति की ओर एक बड़ा कदम..

वैश्विक स्तरपर आधुनिक युग में प्रौद्योगिकी, डिजिटलाइजेशन,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट आधारित संचार और मीडिया उपभोग के तौर-तरीकों में जिस तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है,उसने सरकारों और नियामक संस्थाओं के सामने यह चुनौती खड़ी कर दी है कि वे समय - समय पर अपने कानूनों और नियमों को नई परिस्थितियों के अनुरूप अद्यतन करें। कोई भी कानून या विनियामक व्यवस्था स्थायी नहीं होती,क्योंकि तकनीक की प्रगति अक्सर उन परिस्थितियों को बदल देती है जिनके आधार पर कानून बनाए गए थे। यही कारण है कि विश्व के अधिकांश विकसित और विकासशील देश अपने दूरसंचार मीडिया और डिजिटल संचार से जुड़े कानूनों का लगातार पुनरीक्षण कर रहे हैं। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रसारण और दूरसंचार क्षेत्र को अधिक पारदर्शी,सरल, डिजिटल और व्यवसाय-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।इसी क्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दूरसंचार अधिनियम, 2023 के अंतर्गत दूरसंचार (टेलीविजन, रेडियो और संबंधित सेवाएं) नियम, 2026 का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और नागरिकों, उद्योग जगत, विशेषज्ञों तथा अन्य हितधारकों से 27 जुलाई तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह पहल केवल नियमों में संशोधन भर नहीं है,बल्कि भारत के प्रसारण क्षेत्र को डिजिटल युग कीआवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्गठित करने का प्रयास है। इसलिए प्रत्येक नागरिक कार्य कर्तव्य है कि इस दिशा में उनके पास जो सुझाव हाईवे 27 जुलाई 2026 तक संबंधित प्लेटफार्म पर सबमिट करें।भारत में दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र का नियमन लंबे समय तक 1885 के औपनिवेशिक कालीन टेलीग्राफअधिनियम के आधार पर संचालित होता रहा।यह अधिनियम उस समय बनाया गया था जब न तो टेलीविजन अस्तित्व में था, न इंटरनेट और न ही डिजिटल मीडिया।स्वतंत्रता के बाद तकनीकी प्रगति के बावजूद कई दशकों तक विभिन्न सेवाओं को अलग- अलग दिशानिर्देशों और प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से नियंत्रित किया जाता रहा।परिणामस्वरूप एक जटिल नियामक ढांचा विकसित हुआ जिसमें टेलीविजन चैनलों, डीटीएच सेवाओं, एफएम रेडियो, सामुदायिक रेडियो, आईपीटीवी और अन्य प्रसारण सेवाओं के लिए अलग-अलग नियम लागू थे। इससे न केवल उद्योग के लिए अनुपालन संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होती थीं बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी समय लेने वाली और कई बार अस्पष्ट हो जाती थीं।

साथियो, दूरसंचार अधिनियम, 2023 इस संदर्भ में एक ऐतिहासिक विधायी परिवर्तन के रूप में सामने आया था संसद द्वारा पारित यह अधिनियम औपनिवेशिक युग के टेलीग्राफ अधिनियम,1885 का स्थान लेने वाला व्यापक कानून है, जिसका उद्देश्य आधुनिक दूरसंचार और प्रसारण पारिस्थितिकी तंत्र को एक समकालीन कानूनी आधार प्रदान करना है। यह अधिनियम सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को समाहित करता है और विभिन्न क्षेत्रों के प्रशासन के लिए संबंधित मंत्रालयों और विभागों को अधिकार प्रदान करता है।टेलीविजन,रेडियो और संबंधित प्रसारण सेवाओं के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय इस अधिनियम के अंतर्गत प्रमुख प्रशासकीय प्राधिकरण की भूमिका निभाता है।

साथियों, दूरसंचार (टेलीविजन, रेडियो और संबंधित सेवाएं) नियम, 2026 का मसौदा इसी व्यापक सुधार प्रक्रिया का अगला चरण है।इसका मुख्य उद्देश्य उन विभिन्न दिशानिर्देशों को एकीकृत करना है जो अब तक अलग-अलग समय पर जारी किए गए थे और जिनके आधार पर प्रसारण सेवाएं संचालित हो रही थीं। इनमें भारत में सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए 2022 की नीति, डीटीएच प्रसारण सेवाओं के लिए 2001 के दिशा-निर्देश, एचआईटीएस सेवाओं के लिए 2009 के दिशा-निर्देश, एफएम रेडियो के चरण-ढ्ढढ्ढ विस्तार संबंधी नीति, सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए 2024 के संशोधित दिशा- निर्देश तथा आईपीटीवी सेवाओं के लिए 2008 के दिशा -निर्देश शामिल हैं। इन सभी को एक एकीकृत नियमावली के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया है ताकि उद्योग को अलग-अलग नियमों के बजाय एक स्पष्ट और सुव्यवस्थित ढांचा प्राप्त हो सके।

साथियों, वैश्विक दृष्टि से देखें तो यह कदम भारत को उन देशों की श्रेणी में स्थापित करता है जो नियामक आधुनिकीकरण को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण साधन मानते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और यूरोपीय संघ के अनेक देशों ने पिछले दशक में मीडिया और संचार क्षेत्र में लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, नियामक सरलीकरण और एकीकृत अनुमोदन प्रणालियों को अपनाया है।भारत द्वारा प्रस्तावित नया ढांचा इसी वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप दिखाई देता है, जहां सरकार का लक्ष्य नियंत्रण और सुविधा के बीच संतुलन स्थापित करना है।मसौदा नियमों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अर्थात कारोबार करने में सुगमता को बढ़ावा देना है। अब तक प्रसारण सेवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के आवेदन, अनुमतियां और अनुपालन प्रक्रियाएं अलग-अलग स्वरूप में संचालित होती थीं। प्रस्तावित नियमों के अंतर्गत अनेक दिशानिर्देशों को एकल नियामक ढांचे में समाहित कर दिया जाएगा। इससे निवेशकों, प्रसारण कंपनियों और सेवा प्रदाताओं के लिए नियमों को समझना और उनका पालन करना कहीं अधिक सरल हो जाएगा। विशेष रूप से विदेशी निवेशकों और वैश्विक मीडिया कंपनियों के लिए यह स्पष्टता भारत में निवेश को प्रोत्साहित कर सकती है।

साथियों, नियमों का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पूर्ण डिजिटलीकरण है। डिजिटल शासन आज विश्वभर में प्रशासनिक दक्षता का प्रमुख आधार बन चुका है। यदि अनुमतियां,आवेदन नवीनीकरण और अनुपालन प्रक्रियाएं डिजिटल माध्यम से संचालित होती हैं तो समय, लागत और मानवीय हस्तक्षेप में उल्लेखनीय कमी आती है। इससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं घटती हैं और निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनती है। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के संदर्भ में यह कदम प्रसारण क्षेत्र में डिजिटल प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा सकता है।मसौदा नियमों में प्रस्तावित एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार ग्रांट ऑफ़रमिशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने की अनिवार्यता को समाप्त करना है। अब तक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और निजी प्रसारकों के बीच अनुमति प्रदान करने के लिए औपचारिक समझौते किए जाते थे। यह प्रक्रिया कई बार अतिरिक्त समय और प्रशासनिक बोझ उत्पन्न करती थी। नए प्रस्ताव के अनुसार इस आवश्यकता को समाप्त कर दिया जाएगा, जिससे अनुमति प्रक्रिया अधिक सरल और डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित हो सकेगी।यह सुधार सरकार की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है जिसमें कागजी प्रक्रियाओं को कम करके डिजिटल अनुमोदन प्रणाली को सटीकता से प्राथमिकता दी जा रही है।

साथियों, पारदर्शी न्यायनिर्णय तंत्र की स्थापना भी इस मसौदे का एक महत्वपूर्ण आयाम है। किसी भी नियामक व्यवस्था की सफलता केवल नियम बनाने में नहीं बल्कि उनके निष्पक्ष और पारदर्शी प्रवर्तन में निहित होती है। प्रसारण क्षेत्र में लाइसेंस, अनुपालन, विवाद और दंड संबंधी मामलों को लेकर समय- समय पर प्रश्न उठते रहे हैं। यदि एक स्पष्ट और पारदर्शी न्यायनिर्णय प्रणाली स्थापित होती है तो उद्योग और सरकार के बीच विश्वास बढ़ेगा तथा विवादों का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।यह मसौदा नियम केवल उद्योग के लिए ही नहीं बल्किउपभोक्ताओं और नागरिकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। मीडिया और प्रसारण सेवाएं लोकतांत्रिक समाज में सूचना के प्रसार का प्रमुख माध्यम हैं। जब नियामक व्यवस्था अधिक स्पष्ट और आधुनिक होती है तो सेवा प्रदाताओं को नवाचार करने का अवसर मिलता है।परिणाम स्वरूप उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाली सेवाएं, अधिक विकल्प और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त हो सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, आईपीटीवी और नई प्रसारण तकनीकों के विकास के साथ यह अपेक्षा की जा सकती है कि भविष्य में भारतीय उपभोक्ताओं को अधिक उन्नत मीडिया सेवाओं का लाभ मिलेगा।

साथियों, हाल के वर्षों में भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक बनकर उभरा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म, इंटरनेट आधारित टेलीविजन, डिजिटल रेडियो और सैटेलाइट प्रसारण जैसी सेवाओं ने पारंपरिक मीडिया परिदृश्य को बदल दिया है।ऐसे में पुराने नियमों और अलग-अलग दिशानिर्देशों पर आधारित व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी नहीं रह सकती थी।नया मसौदा इस वास्तविकता को स्वीकार करता है और एक ऐसे नियामक मॉडल की ओर बढ़ता है जो तकनीकी परिवर्तन के साथ कदम मिलाकर चल सके।यह भी उल्लेखनीय है कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने हाल ही में दूरसंचार उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियमन, 2026 का मसौदा भी सार्वजनिक किया था। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार और नियामक संस्थाएं केवल उद्योग सुधार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण व्यवस्था को भी मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में समानांतर रूप से हो रहे ये सुधार भारत के डिजिटल शासन मॉडल को अधिक उत्तरदायी और आधुनिक बनाने का संकेत देते हैं।

साथियों, अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के दृष्टिकोण से देखें तो नियामक स्पष्टता और प्रक्रियात्मक सरलता किसी भी बाजार की आकर्षण क्षमता को बढ़ाती है। भारत पहले से ही विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल उपभोक्ता बाजार बनने की दिशा में अग्रसर है। यदि प्रसारण और दूरसंचार क्षेत्र में नियम अधिक पारदर्शी और पूर्वानुमेय बनते हैं तो विदेशी निवेश,तकनीकी सहयोग और नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है। इससे रोजगार सृजन, तकनीकी उन्नयन और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी हालांकि किसी भी नए नियम की सफलता उसके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। इसलिए सार्वजनिक परामर्श की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा नागरिकों,उद्योग प्रतिनिधियों विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करना सहभागी शासन की भावना को दर्शाता है। यह सुनिश्चित करता है कि अंतिम नियम केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से नहीं बल्कि व्यावहारिक अनुभव और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका का विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दूरसंचार (टेलीविजन, रेडियो और संबंधित सेवाएं) नियम, 2026 का मसौदा भारत के प्रसारण और मीडिया क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधार का संकेत है। यह मसौदा औपनिवेशिक युग की विरासत से निकलकर डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप एक आधुनिक, एकीकृत,पारदर्शी और व्यवसाय-अनुकूलनियामक ढांचा स्थापित करने का प्रयास करता है। एकल नियमावली, डिजिटल प्रक्रियाएं, सरलीकृत लाइसेंसिंग, जीओपीए की समाप्ति और पारदर्शी न्यायनिर्णय तंत्र जैसे प्रावधान भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी मीडिया एवं संचार बाजार के रूप में स्थापित करने में सहायक हो सकते हैं। यदि सार्वजनिक परामर्श के बाद इन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है तो यह केवल प्रसारण उद्योग के लिए ही नहीं बल्कि डिजिटल भारत के व्यापक विजन के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 191



ck;s ls nk;s !& 1) शतरंज के एक जानेमाने भारतीय ग्रैंडमास्टर 5) जनता की भलाई 8) मनसब का अधिकारी 13) पूर्णिमा की रात, फिल्म 'जिस देश में गंगा बहती है' में प्राण का नाम 14) डर 15) टालना, खिसकाना 17) ठहरा, रुका, निवास किया 18) तरफ (उर्दू) 19) अस्वीकृत 21) वह स्थान जहां सिक्के ढाले जाते है 23) संधि 24) एक स्वर्गवासी समाजवादी नेता जिन्होने इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था 27) पंद्रह दिनों का काल 29) मिल में श्रमिक काम करनेवाला 32) वह का विरुद्धार्थी शब्द 33) अथवा 34) आय व्यय 35) कृत्रिम जलमार्ग 36) आगरे का समीपस्थ एक ऐतिहासिक स्थान 39) स्नान कराना 41) सिर 42) मुसलमानों का पवित्र ग्रंथ 43) किसी फिल्म के संवाद को दुसरी भाषा में रुपांतरित कर प्रदर्शित करना 45) घिसना, रगड़ना 46) विद्रोह 47) उत्सुक 49) व्यंग कसना 51) सहन करना 52) लुप्त 53) अच्छे लोग, सज्जन 55) भार ढोनेवाला 57) कुल, वंश 58) कमाल अमरोही की फिल्म पाकिजा की हीराईन 59) दिवस 60) रचना करनेवाला 62) दफन करना 63) नाना, मां के पिता 66) महाराष्ट्र के विधान परिषद का सदस्य 68) ठिठकना, डर के मारे छिपना 69) रबर का बना हुआ 71) जिसपर ध्यान न दिया गया हो 74) बुरी आदत 75) परशुराम का शस्त्र 77) अनुग्रह, दया, क्षमा 78) चलने कि क्रिया, ढंग 79) शर्म (उर्दू) 81) यायावर, घुमक्कड़ 84) माप 86) अस्वीकार करना 89) फिल्म हम साथ साथ है के एक हीरो 92) डॉक्युमेंन्ट का हिन्दी पर्याय 93) खुली घोडागाड़ी 95) फांसोद्वारा शुभाशुभ जानने की विद्या 96) निर्माण करना, मूर्ख ठहराना 97) पहली के बाद के क्रम की 98) 1907 में हुये कॉग्रेस के अधिवेशन में दो दल निर्माण हुये उसमें से एक 102) मुकेशजी द्वारा गाया गया..'सजन रे झुठ मत बोलो....' यह गीत इस फिल्म में था 103) कृपा दृष्टि 104) अर्थ

Aij I: ulp: !& 1) आन्ध्र प्रदेश का एक प्रमुख बन्दरगाह 2) अप्रसन्न 3) क्लान्त, थक गया 4) झुठी बातें जोड़कर भड़काना इस अर्थ का मुहावरा 5) जीत 6) जर्मनी का भूतपूर्व तानाशाह 7) समान 9) नरसिंह 10) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल, आसरा, आश्रय 11) कठिन, भयंकर 12) रखने का आज्ञार्थी रुप 14) सज्जनता 16) जुलूस में दी जानेवाली सामुहिक घोषणा 20) नक्षत्र, तारा, भालू 22) वर्ष 23) जो बहुत दूर हो 25) राजस्थान की राजधानी 26) एक साहित्यिक अलंकार 28) अर्जित करना 30) विष 31) राजेश खन्ना, पद्मिनी कोल्हापुरे और टीना मुनीम की एक फिल्म 34) प्रज्वलित करना 36) चंपत, भागा हुआ 37) शिक्षा पाना, प्रशिक्षण लेना 38) पढ़नेवाला (अं.) 40) किसान, बलराम 42) दिल्ली की एक प्रसिद्ध दर्शनीय इमारत 44) उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख शहर जहां हिन्दू विश्वविद्यालय है 46) किसी के धोके में आना, पथभ्रष्ट होना 47) आमदनी 48) राजा की मां 50) मक्खन 51) साथ में चलनेवाला 52) गीत गाना 53) कमसीन या नाजुक लड़की 54) मुंबई का एक प्रमुख इलाका 55) मन की कल्पना या विचार 56) भीषण दुर्घटना 57) विवाह करना इस अर्थ का मुहावरा 61) फिल्म जगत के एक जानेमाने संवाद लेखक जो व्हिलन, कॉमेडियन और चरित्र भूमिका भी करते है 64) मुसलमानों की मक्के की यात्रा 65) अच्छे आचार विचार 67) केरल राज्य की प्रमुख भाषा 70) कहना 72) धावक (अं. ) 73) ईर्ष्या करना 76) पेशवा का बहुवचन 79) लालसा 80) गरीब 82) कुख्यात नाम का, जिसकी लोग निंदा करें 83) अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा की एक फिल्म 85) जूट 87) सामान्य या साधारण (अं.) 88) प्रलय का दिन 90) एक फूल का नाम 91) खातिरदारी का संक्षिप्त रुप 94) रोगी 96) पर्याप्त 97) जो नजदीक न हो 99) एक विदेशी शराब 100) गुट, गिरोह, पक्ष 101) ओंठ (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## आज छाए आसमान में बादल

आज छाए आसमान
में बादल तो अच्छा लगा
यह बारिश के
मौसम का एहसास
तो थोड़ा सच्छा लगा

बेचैनी बढ़ती जा रही
थी इन तपती लहरों से
यह ग्रीष्म की तपिश कम होते
नजर आई तो थोड़ा अच्छा लगा

जीने की उम्मीद छोड़
दी थी जिस घास ने
झुके आसमान को
देखकर सिर खडे
नजर आयी वो
घास तो अच्छा लगा

इंतजार था जिस
घड़ी का हरिया को
आज वह हल लेकर खेत की
तरफजाता दिखा तो अच्छा लगा

मजदूरी करके पढ़ाया
था अपने बेटे को
आज वो बुधिया का बेटा पास
हुआ सुनकर अच्छा लगा

अकील सैय्यद
सालेकसा (गोंदिया )
9881599572

## हार नहीं मानूंगा..

कितनी शिकायत करूँ सबसे,
मुझको शिकायतों का गाना नहीं आता।
सीखा है मेहनत कर, तेरा फल कहीं नहीं जाता,
इसीलिए लगा हूँ डटा हुआ,
बाकी पिछे हटना मुझे नहीं आता।

किरदार मेरा सादा है,
पर खुद से एक वादा है।
राह कठिन है मेरे सपनों की,
पर मुसाफ़िर का पक्का इरादा है।

मैं हार नहीं मानता,
खुद को ही मैं जानता।
हारते हैं वही मैदान में,
जो मैदानों में नहीं जाता।

तरस गई हैं पलके मेरी,
चेहरों की चमक देखने को।
मैदान नहीं छोड़ा मैंने,
चाहे देर लगे जीतने को।

पल-पल जलकर बढ़ता हूँ,
काँटों में भी मुस्काता हूँ।
राह भले लंबी हो मेरे मंज़िल की
पर दूसरी राह नहीं जनता।
चलते जाता रहूंगा जब तक मैं मंज़िल नहीं पाता
मै हर नहीं मानता मै हर नहीं मानता।

शैलेश दिवेवार



# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## हमारी दोस्ती और साझा विचार मेरे लिए काफी अहमः विलियमसन के संन्यास पर कोहली..



**मुंबई, (भाषा)।**
***भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शुक्रवार को केन विलियमसन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने पर कहा कि वह न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज के साथ अपनी दोस्ती को बेहद महत्व देते हैं***

और अब इस शानदार बल्लेबाज के लिए खेल को समर्पित अपने पूरे जीवन की उपलब्धियों का आनंद लेने का समय आ गया है। न्यूजीलैंड के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाने वाले विलियमसन ने 16 साल लंबे शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। इस दौरान उन्होंने अपने देश के लिए 378 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, कई रिकॉर्ड बनाए और अपनी विनम्रता तथा सादगी से पूरी क्रिकेट दुनिया का सम्मान हासिल किया।

विलियमसन ने इससे पहले 2025 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था।

कोहली और विलियमसन की दोस्ती 2008 अंडर-19 विश्व कप के दौरान शुरू हुई थी। इसके बाद दोनों दिग्गजों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में कई बार एक-दूसरे का सामना किया। कोहली आईपीएल की शुरुआत से ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रहे हैं, जबकि विलियमसन सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल चुके हैं। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''वर्षों के दौरान प्रतिद्वंद्वी से दोस्त बनने तक का यह सफर बेहद खास रहा। इतने लंबे समय तक आपको बल्लेबाजी करते देखना और आपके खिलाफ खेलना मेरे लिए सुखद अनुभव रहा। लेकिन उससे भी ज्यादा मैं हमारी दोस्ती और खेल के साथ-साथ जीवन को लेकर साझा विचारों को महत्व देता हूं।''

उन्होंने कहा, ''मैं अपनी मुलाकात और बातचीत के उन पलों को हमेशा संजोकर रखता हूं। आपके लिए हमेशा शुभकामनाएं। आपने क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। अब आप अपनी उपलब्धियों का आनंद लेने के हकदार हो। शानदार सफर रहा दोस्त, जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं।''

विलियमसन की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने दो बार आईसीसी वनडे विश्व कप फाइनल खेला, तीन बार सेमीफाइनल में जगह बनाई और 2021 में पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता।

व्यक्तिगत उपलब्धियों की बात करें तो उन्हें 2015 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफद ईयर और 2019 में आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफद ईयर चुना गया था। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने भी विलियमसन को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। उन्होंने उनकी विनम्रता और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

जय शाह ने लिखा, ''केन विलियमसन को शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई। आपका करियर उत्कृष्ट प्रदर्शन, विनम्रता और बेहतरीन नेतृत्व का प्रतीक रहा है। 2019 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 2021 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले कप्तान के रूप में आपकी उपलब्धियां हमेशा क्रिकेट इतिहास में दर्ज रहेंगी।''

पैंतीस वर्षीय विलियमसन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 19,346 रन दर्ज हैं। वह न्यूजीलैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में अपने करियर का समापन कर रहे हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 9,500 से अधिक रन बनाए, जिसमें 33 शतक और छह दोहरे शतक शामिल हैं। तीनों प्रारूपों को मिलाकर उनके नाम 48 शतक और छह दोहरे शतक दर्ज हैं।

## राहुल की भूमिका में बदलाव के संकेत, किशन ने किया विकेटकीपिंग अभ्यास





**धर्मशाला, (भाषा)।**
***भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले शुरुआती वनडे से पहले धर्मशाला में शनिवार को विकेटकीपिंग को लेकर दिलचस्प संकेत देखने को मिले जहां अभ्यास सत्र में ईशान किशन विकेटकीपिंग का अभ्यास करते***

नजर आए, जबकि लोकेश राहुल क्षेत्ररक्षण अभ्यास में ऊंचे कैच पकड़ने का अभ्यास कर रहे थे। एकदिवसीय क्रिकेट में पिछले कई वर्षों से राहुल भारत के मुख्य विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं लेकिन ईशान किशन की वनडे टीम में वापसी के बाद उनकी भूमिका में बदलाव की संभावना दिखाई दे रही है।

विराट कोहली चोट के कारण इस श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को तीसरे नंबर पर अलग-अलग बल्लेबाजों को आजमाने का मौका मिलेगा। राहुल भी पिछले कुछ वर्षों से मध्यक्रम, खासकर पांचवें नंबर पर अच्छी तरह स्थापित हैं, लेकिन इस श्रृंखला में उनकी बल्लेबाजी स्थिति बदल सकती है।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में तीसरे नंबर के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''तीसरे क्रम को लेकर हम इस श्रृंखला में कुछ प्रयोग करेंगे। ईशान, राहुल या (यशस्वी) जायसवाल में से किसी को भी वहां बल्लेबाजी का मौका मिल सकता है। हमारे पास कुछ वनडे मैच हैं और हम खिलाड़ियों को अलग-अलग स्थानों पर आजमाना चाहते हैं।''

मॉर्कल ने कहा, ''इससे हमें टीम संयोजन को बेहतर ढंग से समझने और भविष्य के लिए अधिक विकल्प तैयार करने में मदद मिलेगी।'' युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और गुरनूर बराड़ शनिवार को भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर सकते हैं। टीम ने धर्मशाला पहुंचने से पहले चंडीगढ़ में अभ्यास किया था। मॉर्कल दोनों युवा गेंदबाजों से काफी प्रभावित नजर आए। गुरनूर लंबे समय से भारतीय टीम के नेट गेंदबाज भी रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पहली नजर में ऐसा लगा जैसे वे पिछले चार-पांच साल से टीम का हिस्सा हों। उनके चेहरे पर कोई घबराहट नहीं दिखी। टीम में पहली बार आने वाला खिलाड़ी स्वाभाविक रूप से थोड़ा नर्वस होता है, लेकिन इन दोनों ने जिस ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ अभ्यास किया, वह देखकर अच्छा लगा।''

मॉर्कल ने कहा, ''उनकी गेंदबाजी में सटीकता है और साफ दिखता है कि उन्होंने अपने कौशल पर काफी मेहनत की है। इससे कोचिंग टीम के सदस्यों का काम आसान हो जाता है। आगे हम उनके खेल को और निखारने की कोशिश करेंगे और मैच के मध्य ओवरों तथा अंतिम ओवरों में बेहतर प्रदर्शन के तरीकों पर चर्चा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''पहली नजर में हम दोनों खिलाड़ियों से काफी खुश हैं।'' मॉर्कल को उम्मीद है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर इस श्रृंखला में इन युवा खिलाड़ियों को मौका देंगे।

उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि गौतम इन खिलाड़ियों को भारतीय टीम की जर्सी में खेलने का अवसर देंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना बिल्कुल अलग अनुभव होता है। हम उन्हें मौका मिलने को लेकर उत्साहित हैं।''

इस बीच फिटनेस हासिल कर रोहित शर्मा भी अभ्यास सत्र में शामिल हुए। मॉर्कल ने कहा, ''रोहित ने सभी फिटनेस परीक्षण पास कर लिए हैं। उन्हें खेलने की पूरी मंजूरी मिल चुकी है। अगर कोई छोटी-मोटी परेशानी भी थी, तो अब चिंता की कोई बात नहीं है। वह अच्छी तरह अभ्यास कर रहे हैं और पूरी तरह फिट हैं। उन्हें मैदान पर देखने का इंतजार है।''

## ''दुनिया साथ हो या न हो, मैं तुम्हारे साथ हूं'': राणा को याद कर भावुक हुए अनीश

**नई दिल्ली, (भाषा)।**
***'बेटा, अगर आज तुम जीत गए तो पूरी दुनिया तुम्हारे साथ खड़ी होगी। लेकिन अगर नहीं भी जीते, तब भी मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगा।' महान कोच जसपाल राणा की यह प्रेरणादायी बात भारत के स्टार रैपिड फायर पिस्टल निशानेबाज अनीश भानवाला के जीवन का अहम आधार बन गई थी।***

अनीष को जैसे ही राणा के निधन की खबर मिली, उन्हें सबसे पहले यही शब्द याद आए। भारत के महानतम पिस्टल निशानेबाजों में शामिल राणा ने खिलाड़ी के रूप में शानदार सफलता हासिल की थी और बाद में कोच बनकर मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक दो कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण राणा का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अनीश ने बताया कि 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का आत्मविश्वास भी उन्हें राणा से ही मिला था।

उन्होंने कहा, ''मैं 2018 राष्ट्रमंडल खेलों का जिक्र जरूर करना चाहूंगा। प्रतियोगिता के पहले दिन मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और मैंने 286 अंक बनाए थे। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं रैपिड फायर के फाइनल में जगह न बना पाऊं।''

उन्होंने कहा, ''दूसरे दिन प्रतियोगिता स्थल पर जाने से पहले सर ने मुझे वापस बुलाया और कहा, 'बेटा, अगर आज अच्छा प्रदर्शन करके जीत गए तो पूरी दुनिया तुम्हारे साथ होगी। लेकिन अगर नहीं भी जीते, तो मैं हर हाल में तुम्हारे साथ खड़ा रहूंगा।''

अनीश के अनुसार, ''उन शब्दों ने मेरा पूरा दबाव खत्म कर दिया। इसके बाद मैंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक दिया और स्वर्ण पदक जीत लिया।''

राष्ट्रमंडल खेलों (2018) के स्वर्ण पदक विजेता और 2025 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अनीश ने बताया कि हाल ही में म्यूनिख विश्व कप और आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए उन्हें इटली में राणा के मार्गदर्शन में दो सप्ताह के अभ्यास का मौका मिला था।

दिलचस्प बात यह रही कि लगभग आठ साल बाद राणा ने उन्हें फिर वही शब्द दोहराए, जिन्होंने उनके करियर को नई दिशा दी थी और दोनों के बीच विश्वास के रिश्ते को और मजबूत किया था।

इटली में मनु भाकर और जसपाल राणा के साथ बिताए समय को याद करते हुए अनीश ने कहा कि इस बार उन्हें राणा के स्वभाव में एक अलग ही बदलाव दिखाई दिया।

उन्होंने कहा, 'पिछले महीने हम म्यूनिख विश्व कप से पहले प्रशिक्षण के लिए इटली गए थे। वहां मनु भी थीं, मैं भी था और सर भी थे। यह संयोग था या कुछ और लेकिन उन दो हफ्तों में वह बिल्कुल अलग इंसान नजर आए।''

अनीश ने कहा, ''उनके बोलने का तरीका, उनका व्यवहार और हर छोटी बात यह बता रही थी कि उनमें कुछ बदल गया है। वह बहुत शांत और सौम्य हो गए थे। पहले की तरह सख्त नहीं थे और अक्सर जीवन से जुड़ी सीख साझा करते रहते थे। मैं बस बैठकर उनकी बातें सुनता रहता था।''



उन्होंने भावुक होकर कहा, ''मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि उनके जीवन के अंतिम दिनों में मुझे उनके साथ इतना समय बिताने और उनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला।''

स्टैंडर्ड पिस्टल में पूर्व जूनियर वर्ल्ड चैंपियन और एशियाई खेलों व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक, अनीश ने बताया कि राणा के मन में उनके लिए बड़ी योजनाएं थीं।

अनीश ने कहा, ''उन्होंने मुझे कभी अनीश नहीं कहा, हमेशा 'बाबू' कहकर बुलाया। वह कहते थे, 'बाबू' अब तुम्हें अपने लक्ष्य को लेकर पूरी गंभीरता दिखानी होगी।' और अक्सर कहते थे, 'तुम खास मकसद के लिए चुने गए खिलाड़ी हो।''

लॉस एंजिलिस ओलंपिक की चर्चा करते हुए राणा ने उनसे कहा था, ''मैं साफ देख सकता हूं कि तुम यह उपलब्धि हासिल कर सकते हो, बस सही रास्ते पर बने रहना होगा। मुझे दो साल दो, फिर देखना परिस्थितियां कैसे बदलती हैं।'' अनीश ने बताया कि वह जल्द ही देहरादून जाकर फिर से राणा के साथ प्रशिक्षण करने की उम्मीद कर रहे थे। राणा और अनीश का साथ 2015-16 में शुरू हुआ था, जब राणा को जूनियर पिस्टल टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

अनीश ने कहा, '' मैं 2017 में जूनियर राष्ट्रीय टीम में आया तब से उन्होंने मुझे प्रशिक्षण देना शुरू किया। 1994 में उन्होंने स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए विश्व खिताब जीता था। 2017 में मैंने वही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। यह हमारे बीच एक खास जुड़ाव था।''

अनीश ने स्वीकार किया कि राणा आसान कोच नहीं थे। वह अनुशासन के बेहद पक्के और कड़े प्रशिक्षक थे। उन्होंने कहा, ÷वह सामान्य कोच नहीं थे। उनकी प्रशिक्षण शैली काफी सख्त थी और हर युवा खिलाड़ी उसे पसंद नहीं करता था। मैं भी कई बार महसूस करता था कि वह जरूरत से ज्यादा कठोर हैं। लेकिन जैसे-जैसे हम परिपक्व हुए, हमें समझ आया कि वह जो कुछ भी करते थे, हमारे भले के लिए करते थे। उन्हें पता था कि हमसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे निकलवाना है।÷

इटली में हुई आखिरी बातचीत को याद करते हुए अनीश भावुक हो गए। उन्होंने कहा, ÷मैंने उनसे कहा था कि मैं आसानी से भावुक नहीं होता है। प्रतियोगिता कितनी भी खराब हो जाए, मैं न रोता हूं और न ही भावुक होता हूं।÷

उन्होंने बताया, ''सर ने आश्चर्य से पूछा, 'ऐसा कैसे हो सकता है?' तब मैंने कहा कि मुझे याद भी नहीं कि आखिरी बार कब रोया था।'' अनीश के अनुसार, राणा ने मुस्कुराते हुए कहा, ''आखिर तुम भी इंसान हो। एक दिन ऐसा आएगा जब तुम्हारा मन भी भावनाओं से भर उठेगा।'' अनीश ने नम आंखों से कहा, ''आज जब मैं उनके उन शब्दों के बारे में सोचता हूं, तो सचमुच भावुक हो जाता हूं।''

## धीरज की नजरें दोहरे पदक पर, अन्य स्पर्धाओं में भारत की उम्मीदें खत्म..



**अंतालया, (भाषा)।**
***धीरज बोम्मदेवरा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन में शुक्रवार को पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वह इस तरह दूसरे पदक की दौड़ में बने हुए हैं।***

उन्होंने एक दिन पहले ही युवा खिलाड़ी कुमकुम मोहोड के साथ मिलकर मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश किया था। सेना के इस तीरंदाज ने दबाव की स्थिति में बेहतरीन संयम का परिचय दिया।

धीरज ने प्री-क्वार्टर फाइनल में ईरान के मोहम्मद हुसैन गोलशानी को 6-2 (28-26, 30-28, 28-30, 30-29) से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने इटली के मासिमिलियानो मांडिया को भी 6-2 से पराजित किया। यह मुकाबला बेहद करीबी रहा, जिसमें स्कोर 29-29, 28-28, 29-30, 29-28, 29-28 रहा। मिश्रित टीम स्पर्धा में कम से कम रजत पदक सुनिश्चित करने के बाद धीरज अब पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जर्मनी के मोरिट्ज़ वाइज़र का सामना करेंगे और रविवार को दूसरी बार पोडियम पर जगह बनाने की कोशिश करेंगे। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हालांकि भारत का अभियान समाप्त हो गया, क्योंकि रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों में शेष सभी तीरंदाज बाहर हो गए। दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं में भी भारतीय तीरंदाज पहले ही बाहर हो चुके थे। सबसे बड़ी निराशा कंपाउंड वर्ग में देखने को मिली, जहां भारत के सामान्य रूप से शानदार प्रदर्शन करने वाले तीरंदाज इस बार खाली हाथ लौटे।

रिकर्व महिला वर्ग में दीपिका कुमारी भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं। वह प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन स्पेन की एलिया कैनालेस से 2-6 से हार गईं। एशियाई खेलों के लिए चयनित कुमकुम मोहोड, अंकिता भकत और कीर्ति अग्रवाल भी अंतिम 32 के दौर में ही बाहर हो गईं।

पुरुष कंपाउंड वर्ग में गणेश थिरुमुरु 143-147 से ऑस्ट्रिया के शीर्ष वरीय निको वीनर से हार गए। वहीं कुशल दलाल बेहद करीबी मुकाबले में 148-149 से हारकर बाहर हो गए। महिला कंपाउंड में ज्योति सुरेखा वेन्नम 144-146 से डेनमार्क की तान्या गेलेंटिएन से हार गईं, जबकि परनीत कौर 145-147 से स्पेन की एलेक्सा मिसिस ओलिवारेस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

## सैफचैम्पियनशिप विजेता दो महिला फुटबॉलरों का मेघालय में सम्मान..



**शिलांग, (भाषा)।**
***मेघालय फुटबॉल संघ (एमएफए) ने 2026 सैफमहिला चैम्पियनशिप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली राज्य की खिलाड़ियों सानफिद्दा नोंगरुम और रिबांसी जामू को शुक्रवार को सम्मानित किया।***

भारत ने छह जून को गोवा में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश को हराकर सात साल बाद सैफ महिला चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया था।

इसके बाद राज्य लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का पोलो स्थिति एमएफए फुटबॉल मैदान में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

सानफिद्दा टूर्नामेंट की स्टार खिलाड़ियों में शामिल रहीं। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया। गोलकीपर रिबांसी जामू ने इस चैम्पियनशिप के दौरान मालदीव के खिलाफमैच में भारतीय सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया। सम्मान समारोह में दोनों खिलाड़ियों को शॉल, स्मृति चिन्ह और नकद उपहार भी प्रदान किए गए। पिछले साल शुरू की गई एक प्रोत्साहन योजना के तहत महासंघ ने घोषणा की कि दोनों खिलाड़ियों को बाद में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में 50,000 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

## ब्राजील के 1970 विश्व कप विजेता डिफेंडर ब्रिटो का निधन



**मॉरिसटाउन (अमेरिका) (एपी)।**
ब्राजील की 1970 विश्व कप विजेता टीम के डिफेंडर ब्रिटो निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे। ब्राजील फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को निधन की जानकारी दी लेकिन इसके कारणों का विवरण नहीं दिया गया। ब्रिटो ने 1964 से 1972 के बीच ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए 61 मैच खेले।

1966 विश्व कप में भी वे टीम का हिस्सा रहे। इस दौरान उन्होंने विल्सन पियाजा के साथ मिलकर मजबूत रक्षापंक्ति बनाई। ब्राजील फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष समीर यॉक्स ने कहा, ÷ब्रिटो ब्राजील फुटबॉल के इतिहास के सबसे महान डिफेंडरों में से एक थे। 1970 विश्व कप में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।÷ उन्होंने कहा, ÷मैं अपने देश के इस दिग्गज को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका संघर्षशील स्वभाव हमारे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।÷ ब्रिटो 1971 के कोपा रोका और 1972 के तासा इंडिपेंडेंसिया जीतने वाली ब्राजील टीम का भी हिस्सा रहे थे। ब्राजील ने अब तक रिकॉर्ड पांच बार विश्व कप जीता है और वह छठे खिताब की शुरुआत शनिवार को मोरक्को के खिलाफमुकाबले से करेगा।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# कैम्पको ने सुपारी पर मंडी शुल्क में उप्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की



मंगलुरु (कर्नाटक), (भाषा)।

***सेंट्रल अरेकानट एंड कोकोआ मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कोऑपरेटिव (कैम्पको) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की***

और प्रदेश में सुपारी के व्यापार पर लगाए गए मंडी शुल्क से राहत की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने दलील दी कि इस शुल्क से सहकारी संस्थान और किसान बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं।

यहां जारी कैम्पको की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, कैम्पको के अध्यक्ष एस.आर. सतीशचन्द्र और प्रबंध निदेशक डाक्टर बी.वी. सत्यनारायण ने मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश में सुपारी के सौदों पर कर के बोझ की वजह से सहकारी क्षेत्र के समक्ष आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। विभिन्न राज्यों में 1.5 लाख से अधिक सुपारी किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे इस कोऑपरेटिव को मौजूदा कराधान ढांचे की वजह से वैध व्यापार की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कर्नाटक से सुपारी की खरीद पर उद्गम स्थल पर पहले से ही कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) शुल्क लागू है और उत्तर प्रदेश में मंडी व्यवस्था के तहत फिर से कर लगाने से एक ही उत्पाद पर दोहरा बाजार शुल्क लग रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अतिरिक्त कर के बोझ से असंगठित बाजार के संचालकों की तुलना में इसकी प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित हुई है जिससे उत्तर प्रदेश के भीतर कारोबार काफी घटा है। इस स्थिति के चलते कैम्पको को अंततः कानपुर में अपना सेल्स डिपो बंद करने को बाध्य होना पड़ा।

सुधारात्मक उपायों की मांग करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार से या तो सुपारी पर मंडी शुल्क खत्म करने या सहकारी संस्थानों को छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही बाजार शुल्कों के दोहरे कराधान से राहत की भी मांग की। कैम्पको की चिंताओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सहकारी संस्थानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी और उठाए गए मुद्दों की सहानुभूतिपूर्वक समीक्षा करेगी।

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने कैम्पको की गतिविधियों विशेषकर मूल्यवर्धित उद्यमों में रुचि दिखाई और भविष्य में पुत्तूर में कैम्पको की चॉकलेट विनिर्माण इकाई का दौरा करने की इच्छा जताई।

# खाने का सामान महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गयी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।***

इससे पिछले महीने अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 4.78 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.20 प्रतिशत थी।

पिछले महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का शामिल हैं।

वहीं, आलू, मटर, मोटर कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर समेत अन्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति सबसे कम रही।

मौद्रिक नीति तय करते समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है।

सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है।

आरबीआई ने पिछले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

केंद्रीय बैंक ने इसके लिए वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर पड़ने वाले असर तथा बढ़ती लागत को जिम्मेदार बताया था।

पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा कि ईंधन कीमतों में इस वृद्धि का मुख्य मुद्रास्फीति पर लगभग 0.36 प्रतिशत का सीधा असर पड़ा है। इसके अतिरिक्त परिवहन और अन्य क्षेत्रों पर पड़ने वाला अप्रत्यक्ष प्रभाव भी आने वाले महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में दिखाई देगा।

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, मई में शहरी क्षेत्रों की मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत 3.93 प्रतिशत से कम रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.25 प्रतिशत दर्ज की गई।

राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति तेलंगाना में 6.15 प्रतिशत और सबसे कम मिजोरम में 1.03 प्रतिशत रही। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि मई में खाद्य और गैर-खाद्य दोनों वर्गों में कीमतों के दबाव के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी। हालांकि गैर-खाद्य वर्ग का योगदान अधिक रहा।

उन्होंने कहा कि उत्पादकों की बढ़ती लागत अब उपभोक्ताओं तक पहुंचने लगी है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ी ऊर्जा कीमतों का असर भी अब परिवारों के खर्च पर दिखने लगा है।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि वैश्विक तनाव और अल नीनो की स्थिति आगे भी मुद्रास्फीति के लिए जोखिम बनी हुई है। हालांकि ईरान और अमेरिका के बीच समझौते की खबर के बाद कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई है, लेकिन उन्हें पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर के करीब आने में समय लगेगा।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत आने वाला एनएसओ सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चुने गए 1,407 शहरी बाजारों (ऑनलाइन बाजार सहित) और 1,465 गांवों से वास्तविक समय पर कीमत आंकड़े एकत्रित करता है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने के संकेतों के बीच सभी तेल-तिलहनों के दाम टूटे..



नयी दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने के संकेतों के बीच विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख तथा रुपये के मूल्य में सुधार की वजह से शुक्रवार को स्थानीय कारोबार में सभी तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।***

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने का समझौता लगभग तय हो चुका है और इस पर सप्ताहांत तक यूरोप में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

उन्होंने यह बयान ईरान के तेल उद्योग पर कब्जा करने की धमकी देने के कुछ घंटों बाद ईरान पर सैन्य हमले रोकने की घोषणा करते हुए दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर 'ओवल ऑफिस' (अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय) में संवाददाताओं से कहा कि उपराष्ट्रपति जे डी वेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जो संभवतः इस सप्ताहांत यूरोप में आयोजित होगा।

इस बीच, अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया कारोबार के अंत में 67 पैसे मजबूत होकर 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस मजबूती की वजह से खाद्य तेलों का आयात सस्ता हो चला है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 7,700-7,725 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,600-7,175 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,465-2,765 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,590-2,690 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,590-2,735 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,050 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,700 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,380 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,075-7,125 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,925-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

# रुपया 67 पैसे की बढ़त के साथ 95.18 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 67 पैसे मजबूत होकर 95.18 पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जल्द समझौते के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से रुपये को समर्थन मिला है।***

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने का समझौता लगभग पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि इस सप्ताहांत यूरोप में इस पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने ईरान के तेल उद्योग पर कब्जा करने की धमकी देने के कुछ ही घंटों बाद इस्लामिक गणराज्य पर सैन्य हमले की योजना रद्द कर दी थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों के बाद, अंतरराष्ट्रीय कच्चेतेल की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक कच्चातेल मानक 'ब्रेंट क्रूड' वायदा कारोबार के दौरान 4.25 प्रतिशत गिरकर 86.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.95 से 95.53 के दायरे में कारोबार करता हुआ अंत में 95.18 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 67 पैसे की बढ़त है। रुपया बृहस्पतिवार को 60 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.85 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, '' तेल की कीमतें तीन महीने बाद घटकर 88.58 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गईं, जिससे रुपये को बल मिला। रुपया पिछले कुछ दिन से 95 से 95.80 के बीच रहा है और इसमें कच्चे तेल की कीमतों के साथ ही उतार-चढ़ाव हो रहा है।''

उन्होंने कहा, '' हमारा अनुमान है कि सोमवार को रुपया 94.75 से 95.75 के दायरे में रह सकता है...।''

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.65 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 1,695.40 अंक चढ़कर 75,527.95 अंक जबकि निफ्टी 461.30 अंक की बढ़त के साथ 23,622.90 अंक पर पहुंच गया।

अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.54 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से शुक्रवार को 1,082.18 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# पश्चिम एशिया में शांति के संकेतों से शेयर बाजार उछला; सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,600 के पार..

मुंबई, (भाषा)।

अमेरिका एवं ईरान में शांति कायम होने के संकेतों से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतें गिरने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक यानी 2.30 प्रतिशत उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक यानी 2.40 प्रतिशत चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 461.30 अंक यानी 1.99 प्रतिशत बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था।

विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी आई। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध खत्म होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने अपनी टिप्पणी में कहा, ÷वैश्विक धारणा में सुधार और आक्रामक लिवाली से भारतीय बाजारों में तगड़ा उछाल देखा गया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता होने की उम्मीद पैदा होने और कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे आ जाने के साथ रुपये में मजबूती से भी निवेशक धारणा को बल मिला।÷

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.75 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 2.66 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड ने सर्वाधिक 3.55 प्रतिशत की उछाल दर्ज की जबकि औद्योगिक खंड में 3.45 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 3.14 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 3.07 प्रतिशत की तेजी रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,222 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,046 शेयरों में गिरावट रही और 154 अन्य अपरिवर्तित रहे।

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर आए इस उछाल से बीएसई सेंसेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त में रहा।

शुक्रवार को सकारात्मक वैश्विक संकेतों से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.98 प्रतिशत गिरकर 86.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.63 प्रतिशत और जापान का निक्की सूचकांक 2.81 प्रतिशत चढ़ा। चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक भी बढ़त में रहे।

यूरोपीय बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, ÷अमेरिका-ईरान संघर्ष थमने की खबर आने से हाल के दिनों की सबसे बड़ी तेजी देखी गई। वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार, वैश्विक तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू शेयर बाजार को समर्थन मिला।÷ शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 1,987.09 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की थी।

पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 150.63 अंक गिरकर 73,832.55 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 53.35 अंक फिसलकर 23,161.60 अंक पर आ गया था।

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने चराई नीति 2026 को मंजूरी दी

शिमला, (भाषा)।

राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश चराई नीति 2026 को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद चराई से जुड़ी व्यवस्था में सुधार करना है ताकि पर्यावरण सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ तालमेल बिठाया जा सके, चरवाहों की आजीविका बेहतर हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य को सख्त और पुराने प्रतिबंधों से दूर करेगी और एक गतिशील, विज्ञान-आधारित रुख को सामने लायेगी। यह नीति जिम्मेदार चराई को घास के मैदानों की उत्पादकता बनाए रखने, मिट्टी में कार्बन स्टॉक बढ़ाने और जैव विविधता को बचाने के एक साधन के तौर पर देखती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा, 'चराई नीति 2026 'हरियाली भी, खुशहाली भी' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह हमारी चराई की परंपराओं की रक्षा करती है और पशुधन पर निर्भर परिवारों का भविष्य सुरक्षित करती है।'

उन्होंने कहा कि यह नीति पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समृद्धि के बीच संतुलन बनाती है, जिससे राज्य में ज्यादा समावेशी, टिकाऊ और मजबूत चराई अर्थव्यवस्था की नींव पड़ती है।

इस नीति के तहत, वन विभाग, पशुपालन विभाग के साथ मिलकर एक व्यापक डेटाबेस पोर्टल बनाएगा। इसमें चरवाहे अगले छह महीनों के भीतर अपने नाम, पते, पशुओं की संख्या, पारंपरिक रास्तों और पड़ाव की जगहों का पंजीकरण कराएंगे।

यह प्रणाली 'उपयोगकर्ता आंकड़े' को आसानी से जांच करने के लिए हर प्रोफाइल को आधार, हिम परिवार और केंद्रीय भारत पशुधन पोर्टल से जोड़कर जीवन के पुराने तरीके को आधुनिक शासन व्यवस्था से जोड़ता है।

बयान में कहा गया है कि यह नीति उन पीढ़ियों के चरवाहों को भी मान्यता देती है जो बिना औपचारिक परमिट के काम करते रहे हैं। अब ये लोग अपनी जानकारी रजिस्टर करा सकते हैं, जिससे स्थानीय चराई सलाहकार समितियां व्यवस्थित रूप से उनकी स्थिति का मूल्यांकन कर सकेंगी और निष्पक्ष, तय कानूनी प्रक्रियाओं के आधार पर नए परमिट जारी कर सकेंगी।





जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## 3 साल कोमा में रहने के बाद थाईलैंड की राजकुमारी का निधन, भारत ने कहा- 'याद रहेगा योगदान'...

डेस्क जगप्रेरणा।

***थाईलैंड की राजकुमारी बज्रकितियाभा नरेन्द्रदेब्यावती का 47 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 3 साल से कोमा में थीं और लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनके निधन पर भारत ने गहरा शोक व्यक्त किया है।***



बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाई शाही परिवार और थाईलैंड की जनता के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में भारत की संवेदनाएं थाईलैंड के राजा, शाही परिवार और देशवासियों के साथ हैं। दूतावास ने कहा कि पब्लिक सर्विस और कूटनीति के क्षेत्र में राजकुमारी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### राजकुमारी ने 11 जून 2026 को ली अंतिम सांस..

थाईलैंड के सरकारी जनसंपर्क विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी राजकुमारी के निधन की पुष्टि की। थाई सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि राजा महा वजिरालोंगकोर्न की सबसे बड़ी पुत्री राजकुमारी बज्रकितियाभा ने 11 जून 2026 को अंतिम सांस ली।

राष्ट्र के प्रति उनकी आजीवन सेवा और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। शाही गृह ब्यूरो के मुताबिक, राजकुमारी का निधन गुरुवार शाम बैंकॉक के किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में हुआ, जहां उनका लगातार इलाज चल रहा था।

### ट्रेनिंग के दौरान अचानक गिर पड़ी थीं राजकुमारी..

ब्यूरो ने बताया कि डॉक्टरों की निगरानी और इलाज के बावजूद उन्होंने शाम 7 बजकर 48 मिनट पर शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। राजकुमारी को 15 दिसंबर 2022 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह उस समय नाखोन राचासीमा प्रांत के पाक चोंग जिले में अपने पालतू कुत्ते के साथ ट्रेनिंग कर रही थीं, तभी दिल से जुड़ी समस्या के कारण अचानक गिर पड़ी थीं। इसके बाद उनकी हालत लगातार गंभीर होती चली गई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, बड़ी आंत में सूजन के कारण उनके पेट में गंभीर संक्रमण हो गया था। इससे शरीर के कई अंग प्रभावित हुए।

### पिछले कुछ दिनों में बद से बदतर हो गई थी तबीयत..

संक्रमण के कारण उनका ब्लड प्रेशर काफी कम हो गया, हृदय की धड़कन अनियमित हो गई और खून के थक्के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। पिछले कुछ महीनों में उनकी स्थिति और अधिक बिगड़ गई थी। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, उनके निधन के बाद राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने शाही परंपरा के अनुसार सर्वोच्च सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संबंधी सभी राजकीय अनुष्ठान आयोजित करने का निर्देश दिया है। राजकुमारी के पार्थिव शरीर को बैंकॉक स्थित ग्रैंड पैलेस के फिमान रत्ताया थ्रोन हॉल में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।

### कानूनी क्षेत्र में अपने कार्यों के लिए जानी जाती थीं..

राजकुमारी बज्रकितियाभा का जन्म 7 दिसंबर 1978 को हुआ था। वह राजा महा वजिरालोंगकोर्न और राजकुमारी सोमसावली क्रोम मुएन सुद्धानारिनाथा की सबसे बड़ी पुत्री थीं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने संदेश में कहा कि राजकुमारी थाईलैंड का गौरव थीं। उन्होंने कहा कि दयालुता, न्याय और समानता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए उनका समर्पण देश के लिए हमेशा नैतिक प्रेरणा बना रहेगा। राजकुमारी बज्रकितियाभा सामाजिक सेवा और कानूनी क्षेत्र में अपने कार्यों के लिए विशेष रूप से जानी जाती थीं।

### कॉर्नेल विश्वविद्यालय से की थी कानून की पढ़ाई

राजकुमारी बज्रकितियाभा ने 'कमलंगजाई' (इंस्पायर) अभियान शुरू किया था, जिसका उद्देश्य महिला कैदियों के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाना था। उन्होंने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की थी। इसके बाद 2000 के दशक की शुरुआत में न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में थाईलैंड के स्थायी मिशन में कार्य किया। बाद में वह वर्ष 2012 से 2014 तक ऑस्ट्रिया में थाईलैंड की राजदूत रहीं। वर्ष 2017 में उन्हें संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय **(UNODC)** का सद्भावना राजदूत भी नियुक्त किया गया था।

### बैंकॉक में बड़ी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि..

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं से जुड़े कारागार सुधारों में उनके प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कार्यों के कारण वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र के 'बैंकॉक नियम' अपनाए गए, जिनमें महिला कैदियों के साथ व्यवहार और उनके अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक निर्धारित किए गए। उनके निधन की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोग बैंकॉक के किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभर में लोग उनकी जनसेवा, सामाजिक कार्यों और मानवीय योगदान को याद कर रहे हैं।

## ब्रेकअप होने के बाद 2 युवक करने जा रहे थे आत्महत्या मिनटों में पहुंची यूपी पुलिस और बचा ली जान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***यूपी पुलिस ने पिछले 24 घंटों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो ऐसे युवकों की जान बचाई है जो आत्महत्या करने जा रहे थे। इसमें से एक युवक जो गौतम बुद्ध नगर का है वह गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप होने के बाद आत्महत्या का प्रयास करने जा रहा था***



तो वहीं दूसरा युवक मंगेतर द्वारा नंबर ब्लॉक किए जाने से परेशान होकर आत्महत्या करने जा रहा था। दोनों युवकों ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर रील बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जिसके बाद मेटा ने इसका अलर्ट पुलिस हेडक्वार्टर की सोशल मीडिया सेल को भेजा और फिर पुलिस ने मिनटों में दोनों युवकों की लोकेशन पर पहुंचने के साथ उनकी जान बचा ली।

### यह आखिरी वीडियो है मेरी, क्या पता फिर रहूं या नहीं..

गौतम बुद्ध नगर में रहने वाले 24 साल का युवक गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप होने के बाद काफी हताश था, जिसमें उसने सुसाइड करने का फैसला लिया। युवक ने आत्महत्या करने के लिए नींद की काफी गोलियां खा थी और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था जिसमें लिखा था यह आखिरी वीडियो है मेरी, क्या पता फिर रहूं या नहीं। इसका मेल भी मेटा कम्पनी ने 12 मई को रात 12 बज के 12 मिनट पर पुलिस हेड क्वार्टर भेजा। इसके बाद गौतम बुद्ध नगर की पुलिस पांच मिनट में ही लोकेशन पर पहुंच गई और युवक को फौरन अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचा ली गई।

### मंगेतर के नंबर ब्लॉक करने से परेशान था युवक..

आत्महत्या करने के प्रयास का दूसरा मामला कानपुर के 30 साल के युवक का है जो मंगेतर के नंबर ब्लॉक करने से काफी परेशान था। युवक ने छत के पंखे में कपड़ा बांधकर अपने गले में डालकर फांसी लगाने की कोशिश करते हुए वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। मेटा ने ये वीडियो 12 मई को रात 12 बजकर दो मिनट पर पुलिस की सोशल मीडिया सेल को ईमेल किया। इसके बाद कानपुर पुलिस ने सात मिनट पर लोकेशन पर पहुंचने के साथ युवक के गले से फंदा निकाला और उसकी जान बचाई। युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तय हो गई थी, लेकिन कुछ दिनों से उसकी मंगेतर ने उसका नम्बर ब्लॉक कर दिया था जिससे परेशान होकर वो आत्महत्या करने जा रहा था।

### मेटा के साथ मिलकर अब तक यूपी पुलिस बचा चुकी है 3000 से अधिक लोगों की जान..

यूपी पुलिस और मेटा कंपनी ने साल 2022 में साथ आकर ऐसे लोगों को आत्महत्या करने से बचा रहे हैं जो फेसबुक या इंस्टाग्राम पर सुसाइड के बारे में पोस्ट करते हैं या रील बनाते हैं। मेटा कंपनी इसकी जानकारी ईमेल से यूपी पुलिस को देती है। यूपी पुलिस ने जनवरी 2023 से 8 जून 2026 तक ऐसे अलर्ट पर अब तक 3081 लोगों को सुसाइड करने से रोक चुकी है।

यूपी पुलिस को मेटा सुसाइडल अलर्ट पर इस तरह लोगों की जान बचाने के लिए **SKOCH Award-2025** भी मिल चुका है।

## 'क्राइम पेट्रोल' देखकर शातिर हुआ चेन स्नैचर, पुलिस ने फिल्मी अंदाज में दबोचा..



डेस्क जगप्रेरणा।

महाराष्ट्र के पुणे से सटे पिंपरी चिंचवड शहर और आस-पास के इलाकों में पिछले डेढ़-दो महीनों से आतंक का पर्याय बने एक शातिर चेन स्नैचर को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान सुमित इंगले के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सोलापुर का रहने वाला है।

पिंपरी चिंचवड के एडिशनल पुलिस कमिश्नर सारंग आव्हाड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले का खुलासा किया। आरोपी को पकड़ने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में आरोपी को पकड़ा है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर सारंग आव्हाड ने बताया कि पिछले कुछ समय से शहर में लगातार चेन स्नैचिंग की वारदातें हो रही थीं, जिससे पुलिस काफी दबाव में थी।

सांगवी पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई एक हालिया वारदात के बाद क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 को इसकी जांच सौंपी गई। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए वारदात के रूट से जुड़े करीब 150 से 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के विश्लेषण से पुलिस को सुराग मिला कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद बाणेर की तरफ भागता है और बाणेर-पुणे हाईवे का इस्तेमाल करता है।

सुराग मिलते ही पुलिस की फील्ड टीम ने पिछले तीन-चार दिनों से संबंधित हाईवे और संभावित ठिकानों पर ट्रैप (जाल) लगाया हुआ था। सुबह के वक्त पुलिस को संदिग्ध आरोपी दिखाई दिया। जब आरोपी एक डेड-एंड (बंद रास्ते) की तरफ बढ़ा, तो मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे चारों तरफसे घेर लिया और दबोच लिया। सोशल मीडिया पर पुलिस की इस कार्रवाई का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी भेष बदलकर आरोपी को पकड़ते दिख रहे हैं। एडिशनल कमिश्नर ने पुष्टि की कि यह वीडियो इसी कार्रवाई का है और पूरी टीम को इस बेहतरीन काम के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, आरोपी सुमित इंगले कोई नौसिखिया नहीं है, बल्कि वह 2016 से 2024 के बीच एक एक्टिव चेन स्नैचर रहा है। उसके खिलाफ पुणे शहर, पुणे ग्रामीण और पिंपरी चिंचवड में पहले से ही 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जेल से बाहर आने के बाद उसने गुजारे के लिए कुछ अन्य काम करने की कोशिश की थी, लेकिन जुए की लत के कारण वह सफल नहीं हो सका और दोबारा अपराध की दुनिया में लौट आया। आरोपी ने कबूल किया कि उसने टीवी शो 'क्राइम पेट्रोल' के दो एपिसोड देखे थे, जिससे सीख लेकर उसने पुलिस से बचने और चेन स्नैचिंग करने की अपनी तकनीक को और बेहतर किया था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सुमित इंगले अकेले ही इन वारदातों को अंजाम देता था। उसके पास दो गाड़ियां थीं, जिनमें से एक उसकी खुद की थी और दूसरी वह आमतौर पर दैनिक किराए पर लेता था। इस गिरफ्तारी के बाद पिंपरी चिंचवड कमिश्नरेट क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की 5 वारदातें सुलझ चुकी हैं। पुलिस ने अब तक आरोपी के पास से 76 ग्राम सोना बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। पुलिस को उम्मीद है कि आगे की पूछताछ में कई और वारदातों का खुलासा हो सकता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## गुरुग्राम में तेज रफ्तार बस ने राहगीरों को कुचला, एक की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा परिवहन निगम की एक तेज रफ्तार बस ने शुक्रवार को सेक्टर-37 क्षेत्र में चार राहगीरों को कुचल दिया और कई खड़े वाहनों में टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य को चोट आई।***




पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बस के कारण वहां अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान भीड़ ने बस पर पथराव भी किया। घटना के बाद बस चला रहा प्रशिक्षु चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार बस की चपेट में आए एक व्यक्ति की पहिये से कुचले जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी रवि सरकार (55) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, भारी वाहन का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एक प्रशिक्षु चालक हरियाणा परिवहन की बस में प्रशिक्षण ले रहा था।

परिवहन प्रशिक्षण प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि नए चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए बस को डिपो से बाहर निकाला गया था। उन्होंने कहा, 'बस निरीक्षक विद्यानंद की निगरानी में निर्धारित मार्ग पर बस चलाई जा रही थी। इसी दौरान सेक्टर-37 के पास यह हादसा हुआ। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जांच की जा रही है कि दुर्घटना चालक की लापरवाही, तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से हुई।' पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बस को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।'

## बिजनौर में शादी का दबाव बनाने पर महिला की हत्या..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**



बिजनौर जिले के एक व्यक्ति ने मुंबई में काम करने के दौरान प्रेम संबंध में आई एक महिला की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी और शव को खेत में दफना दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के सैफपुर खादर गांव निवासी फैसल मुंबई के जोगेश्वरी क्षेत्र के आनंद नगर में एक सैलून में काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात बड़ी मस्जिद क्षेत्र निवासी फकीर अहमद की पुत्री सना (35) से हुई, जो एक अस्पताल में नर्स थी। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए थे और सना ने अपने पति से तलाक भी ले लिया था।

सीओ ने बताया कि जब फैसल अपने गांव बिजनौर लौट आया, तो सना भी कथित तौर पर 29 मई को उसके पीछे-पीछे वहां पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक, सना फैसल पर शादी करने का दबाव बना रही थी। उन्होंने बताया कि फैसल कथित तौर पर सना को मोटरसाइकिल से फतेहपुर सभाचंद गांव के पास स्थित एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को एक खेत में दफना दिया।

सना के लापता होने की शिकायत दो जून को मुंबई में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मुंबई पुलिस की एक टीम बिजनौर पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मामले की जांच कर रही है। सीओ ने बताया कि आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर शव बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

## मथुरा में झूठी शान के खातिर हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मथुरा की एक अदालत ने झूठी शान के खातिर हत्या (ऑनर किलिंग) के एक मामले में शुक्रवार को दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी।***

जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि मामले की सुनवाई, साक्ष्यों की जांच, गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार (प्रथम) ने काली उर्फ संदीप और पुल्ली उर्फनितेश को हत्या का दोषी पाया। डीजीसी ने बताया कि यह मामला 15 मार्च 2024 की रात सुरीर थाना क्षेत्र के बिजाऊ गांव निवासी हेमंत की हत्या से संबंधित है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, हेमंत को उसके साले और उसके एक साथी ने कथित तौर पर घर से बाहर बुलाया और पास के भदनवारा गांव ले गए, जहां धारदार हथियारों से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गई।

इसने बताया कि हेमंत ने काली उर्फसंदीप की बहन से विवाह किया था, जो लड़की के परिवार की इच्छा के विरुद्ध था। अगले दिन हेमंत के पिता ने काली उर्फ संदीप, पुल्ली उर्फनितेश, विक्रम सिंह उर्फचरण सिंह तथा तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि भदनवारा गांव के कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने काली और पुल्ली को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया और मामला सुनवाई के लिए सत्र न्यायालय भेज दिया गया।

अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष विक्रम सिंह उर्फचरण सिंह की संलिप्तता साबित करने में असफल रहा। इसलिए सुनवाई के दौरान उसे मामले से अलग कर दिया गया। अदालत ने यह भी कहा कि प्राथमिकी में नामजद अन्य आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

लेकिन अदालत ने काली उर्फसंदीप और पुल्ली उर्फ नितेश को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने निर्देश दिया कि जुर्माने की कुल राशि में से 50,000 रुपये हेमंत के कानूनी वारिसों को मुआवजे के रूप में दिए जाएं।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में एसयूवी पर विशाल पत्थर गिरने से दो पर्यटकों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में डर्मा घाटी में शुक्रवार को एक एसयूवी पर विशालकाय पत्थर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा सोबला-धाकर रोड पर पांगबावे में तब हुआ जब पीड़ित पंचचुली आधार शिविर से लौट रहे थे।***



धारचूला के उप-संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) आशीष जोशी ने बताया कि पीड़ित राजस्थान के कोटा से आए नौ तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे। उसी समूह के चार सदस्य, जो दूसरी गाड़ी में यात्रा कर रहे थे, सुरक्षित बच गए।धारचूला के थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद, स्थानीय पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल की टीमें और राजस्व विभाग के कर्मचारी घायलों को बचाने और शवों को निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, आशंका है कि पिछले 24 घंटों में इलाके में हुई बारिश की वजह से मिट्टी ढीली हो गई हो और इसी कारण पत्थर नीचे लुढ़क आए हों। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान धारचूला के रहने वाले वाहन चालक सुरेंद्र सिंह गरबियाल (37) और राजस्थान के कोटा के रहने वाले केशव खंडेलवाल (15) के रूप में की गई है।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353

# अदानी पावर लिमिटेड, तिरोड़ा में 'विश्व पर्यावरण सप्ताह' उत्साहपूर्वक संपन्न..

### स्टेशन हेड श्री मयंक दोशी के नेतृत्व में विभिन्न पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अदानी पावर लिमिटेड, तिरोड़ा में 5 जून से 11 जून 2026 तक 'विश्व पर्यावरण सप्ताह' बड़े उत्साह और सफलतापूर्वक मनाया गया।*



इस पूरे सप्ताह का आयोजन स्टेशन हेड श्री मयंक दोशी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष पर्यावरण सप्ताह की थीम 'प्रकृति से प्रेरणाः जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' रही। सप्ताह के दौरान भव्य ग्रीन रैली, वृक्षारोपण, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज़ तथा कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण जैसे विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### पुरस्कार वितरण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति..

11 जून को अदानी पावर परिसर में पर्यावरण सप्ताह का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें ग्राम पंचायत गुमधावाड़ा की सरपंच श्रीमती पद्माताई कंगाली, उपसरपंच श्री अनिल भगत, खैरबोड़ी की सरपंच श्रीमती विद्या टेंभरे, चिखली ग्राम पंचायत के सरपंच श्री कैलास पटले, काचेवनी के उपसरपंच श्री संतोष चौधरी तथा मेहंदीपुर के उपसरपंच श्री बावणे सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में स्टेशन हेड श्री मयंक दोशी के साथ ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस हेड श्री उदय चव्हाण, सेफ्टी विभाग के श्री अनुप कुमार सिंह, क्वालिटी विभाग के श्री रामाकृष्णा तथा विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी – मयंक दोशी..

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्टेशन हेड श्री मयंक दोशी ने कहा, 'पर्यावरण की रक्षा करना केवल किसी संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रकृति से प्रेरणा लेकर हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाना चाहिए। तभी हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और बेहतर भविष्य दे सकेंगे।'

उन्होंने यह भी बताया कि अदानी पावर द्वारा चालू वर्ष में 80,000 से अधिक वृक्षों का रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रवीण शाह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री राहुल शेजव ने प्रस्तुत किया। पर्यावरण सप्ताह को सफल बनाने में श्री गिरीश कुलकर्णी एवं पर्यावरण विभाग की टीम के साथ-साथ पावरमेक कंपनी की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को उपस्थित अतिथियों के हाथों आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# देवरी में भाजपा द्वारा महाआरती..

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'राष्ट्र निर्माण की तपपूर्ति' अभियान का शुभारंभ

जगप्रेरणा देवरी।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में चलाए जा रहे 'राष्ट्र निर्माण की तपपूर्ति'* (राष्ट्र उभारणीची तपपूर्ती) अभियान का शुभारंभ देवरी में बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर शहर के दुर्गा चौक क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सुरेश्वरी मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। विधायक संजय पुराम की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई, साथ ही देश की प्रगति और तेज गति से हो, ऐसी प्रार्थना की गई।



### बोले विधायक संजय पुराम..

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन देते हुए विधायक संजय पुराम ने मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा किः 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक विकास की गंगा पहुंची है। केंद्र सरकार की योजनाओं में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है और भारत आज दुनिया में एक सशक्त और विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।'

भाजपा के 'राष्ट्र निर्माण की तपपूर्ति' अभियान के तहत देवरी शहर और तालुका में महीने भर विभिन्न सामाजिक, पर्यावरण-अनुकूल और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें निम्नलिखित गतिविधियां शामिल हैंः वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, सेवाभावी उपक्रम, सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क कार्यक्रम।

इन माध्यमों से केंद्र सरकार की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी जमीनी स्तर के नागरिकों तक पहुंचाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया।

महाआरती के दौरान सुरेश्वरी मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया था। इस कार्यक्रम में भाजपा तालुका अध्यक्ष संजू उइके, पंचायत समिति सभापति अनिल बिसेन, कृषि उपज मंडी समिति **(APMC)** सभापति प्रमोद संगीड़वार, पूर्व महिला एवं बाल कल्याण सभापति सविता पुराम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रज्ञा संगीड़वार, नगरसेविका पिंकी कटकवार, कौशल्याबाई कुंभरे, कमलताई मेश्राम, शिल्पा बांते, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण दहिकर, शहराध्यक्ष पारस कटकवार, विनोद भेंडारकर, राजू शाहू, इंद्रजीत सिंह भाटिया, देवानंद मेश्राम, मनोज मिरी, दीपक शाहू, संतोष शाहू, आशीष थोटे, राजेश शाहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।। मो। 9329033433

# विधायक संजय पुराम ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण, पुल के निर्माण हेतु 25 करोड़ की निधी को मंजुरी

### सीआरआयएफसे मिली है निधी को मंजुरी..

जगप्रेरणा आमगांव।

*आमगांव-सालेकसा मार्ग पर वाघनदी पर बना पुल जर्जर हो चुका है और इस पुल के कभी भी ढह जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता विधायक संजय पुराम के निर्देशानुसार निर्माण*

विभाग ने नए पुल के लिए 25 करोड़ रुपए का मांग पत्र सरकार को सौंपा गया था महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 3 मार्च 26 मार्च तक मुंबई में हुआ सवाल यह उठ रहा था कि क्या इस सत्र में पुल के लिए धन उपलब्ध होगा। इस बात को लेकर उत्सुकता थी कि क्या बजट में वाघ नदी पर पुल के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे या इसके लिए और इंतजार करना होगा किंतु महाराष्ट्र राज्य सरकार के बजट सत्र में पुल निर्माण हेतु 25 करोड़ की निधी को स्वीकृति प्रदान नही हो सकी ऐसे मे नये पुल के निर्माण को लेकर अब असमंजस बरकरार था कितु आमगाव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय पुराम लगातार इस पुल को मंजुरी एव निधी उपलब्ध कराने के लिये गंभीरता से प्रयासरत थे।

इस पुल के निर्माण को मंजुरी एव पुल को निधी उपलब्ध कराने हेतु उन्हाने केद्रीय मंत्री नितीन गडकरी से भेट कर पुल निर्माण हेतु निधी उपलब्ध कराने की विनंती की थी एव केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने पुल निर्माण के लिये तुरंत निधी उपलब्ध कराने हेतु सकारात्मकता दर्शाई थी जिसके बाद केंद्र सरकार एव राज्य सरकार की ओर सीआरआयएफने महाराष्ट्र मे 130 कामो हेतु कुल 1994 रुपये की निधी को मंजुरी प्रदान की है जिसमे पहले ही क्रमांक पर लगातार विधायक संजय पुराम के प्रयास के बाद आखिरकार सालेकसा-आमगाव मार्ग पर के उस जर्जर पुल के निर्माण हेतु क्रेडिट रेपोर्टिग इन्फॉर्मेशन सर्व्हिसेस की ओर से पुल निर्माण हेतु 25करोड के निधी को मंजुरी प्रदान की गई है ईटेंडर की प्रक्रिया पुर्ण हो गई एवं पुल निर्माण के कार्य हेतु इन दिनों डायवर्सन पुल का निर्माण कार्य शुरु है



सालेकसा-आमगांव मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण मार्ग है और इस मार्ग पर करीब 50 वर्ष पूर्व बना पुल जर्जर हो चुका है और इस पुल पर लगातार भारी वाहनों का आवागमन रहता है। इसलिए इस पुल के कभी भी ढह जाने और बड़ी जनहानि होने की संभावना को देखते हुए विधायक संजय पुराम ने दिसंबर माह में स्वयं पुल का दौरा कर इसका जायजा लिया था। इस स्थान पर अब एक नये पुल की सख्त जरूरत है। नये पुल के लिए 25 करोड़ रुपये की प्रोजेक्ट तैयार कर शासन को सौंपने का आदेश दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे धनराशि स्वीकृत करने के लिए कार्रवाई जारी रखेंगे। तदनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग ने नये पुल के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की मांग करते हुए मांग पत्र प्रस्तुत किया था।

वीएनआईटी कंपनी ने 2016 में आमगांव-सालेकसा-स्टेट हाईवे 335 पर पुल संख्या 238-205 का संरचनात्मक ऑडिट किया था। संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर कहा गया था कि यह पुल खतरनाक है और यदि इस पर भारी वाहनों का परिवहन किया गया तो यह कभी भी गिर सकता है। पुल को तत्काल बंद कर भारी वाहनों की यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जाए, लेकिन पुल की गंभीर स्थिति और नागरिकों की जान को खतरा देखते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता से अनुरोध किया गया। इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन तत्काल रोकने के लिए संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए गए, इसके बाद भी नागरिक इस बात पर अफसोस जता रहे थे कि इस पुल पर लगातार भारी वाहन चल रहे हैं, जिससे पुल पर लगातार कंपन हो रहा है और यह भी चिंता बनी हुई है कि पुल कभी भी गिर सकता है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने पत्र जारी कर सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यकारी खण्ड, उपक्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, पुलिस निरीक्षक तथा पुलिस यातायात विभाग के सहयोग से पुल पर भारी वाहनों का आवागमन तत्काल बंद करने का आदेश दिया। यह पत्र जिला कलेक्टर की ओर से आपदा प्रबंधन अधिकारी और उप जिला अधिकारी विजया बनकर ने जारी कियो था जिसके तहत वाघ नदी पुल के दोनों ओर बैरिकेड्स लगाने के साथ ही आवश्यक स्थानों पर यातायात संकेत लगाने का निर्देश दिया गया है कुछ लोगों द्वारा इन बैरिकेड्स को हटा दिया गया है और भारी वाहन लगातार इस पुल से गुजर रहे हैं, इसलिए इस पुल के किसी भी समय ढह जाने और बड़ी जनहानि होने का खतरा लगातार बढ़ गया है।

नवनिर्वाचित विधायक संजय पुराम को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो वे पुल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया, तथा उन्होंने पुल पर हो रहे कंपन को स्वयं अनुभव किया। भारी वाहनों के आवागमन जारी रहने पर पुल के ध्वस्त होने तथा व्यापक क्षति होने की सम्भावना को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल पुल पर भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के आदेश दिए गए।

उसी समय पुराम ने निर्माण विभाग के इंजीनियरों को बुलाकर नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव तुरंत सरकार को सौंपने का आदेश दिया था पुल पर से तुरंत भारी वाहनों की यातयात बंद करने की जरूरत को देखते हुवे उपाय योजना किये गये थे एव भारी वाहनो का यातायात बंद करने पुल के दोनो तरफ पुलिस तैनात किये किन्तु कुछ दिनों बाद वह उपाय योजना को कुछ लोगों ने ध्वस्त कर दिया एवं पुलिस भी हटा दी गई फिर से इस पुल से भारी वाहनों की यातयात सुरु रहने से फिर पुल मे भारी कंपन होने लगा है एव इसके चलते पुल पर गॅप बन गई है जिसके चलते पुल अधिक खतरनाक होने की संभावना बढ गई है जो बात विधायक संजय पुराम के संज्ञान मे आते ही विधायक संजय पुराम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस ख़तरनाक पुल से तुरंत भारी वाहनों की यातयात बंद करने की मांग की थी एव लगातार पुल के निर्माण हेतु निधी मंजुरी के प्रयास जारी रखे थे जिसके बाद उनके लगातार प्रयास के बाद आखिरकार इस पुल के निर्माण हेतु क्रेडिट रेपोर्टिंग इन्फॉर्मेशन सर्व्हिसेस की ओर से 25 करोड रुपये की निधी को मंजुरी प्रदान की गई है ईटेंडर प्रक्रिया पुर्ण होते हो गई पुल के निर्माण कार्य की शुरुवात हो गया है पुल निर्माण की जगह पर डायवर्शन पुले का निर्माण प्रगती पर है जंहा जाकर विधायक संजय पुराम ने डायवर्सन पुल का निरीक्षण कर नागरिक की समस्या जानी।

### बोले विधायक संजय पुराम

'बाघ नदी पर बना हुआ यह पुल अत्यंत महत्त्वपुर्ण पुल है जो दो तहसील के साथ दो राज्य एवं जिला मुख्यालय को जोडता है पुल जर्जर होने की बात संज्ञान मे आते ही तुरंत भारी वाहनो की यातायात बंद करने हेतु जिलाधिकारी से पत्रव्यवहार किया है एव निर्माण हेतु आवश्यक निधी मंजूरी एव पुल निर्माण को मंजुरी हेतु हर स्तर पर प्रयास जारी थे।पुल निर्माण हेतु निधी को मंजुरी प्रदान की गई है ईटेंडर की प्रक्रिया पुर्ण हो गई है पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया है इस पुल के निर्माण हेतु निधी उपलब्ध कराने के लिये मै अपने आमगाव -देवरी विधानसभा क्षेत्र के नागरिक की ओर से केंद्र सरकार एव राज्य सरकार का आभार व्यक्त करता हु एवं यह पुल अच्छी गुणवत्ता का बने इस हेतु हमेशा पुल निर्माण कार्य जारी रहते हुये इसका ध्यान रखा जायेगा'

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### फोर व्हिलर की चपेट मे मोटरसायकल चालक और पीछे बैठे व्यक्ति की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/ 6/ 2026 के रात 8 बजे के दरम्यान तिरोडा हायवेपर स्विफ्ट कार क्रमांक एम एच 35 ऐजी 2785 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ऐजी 2785 को ठोस मारी गंभीर चोट लगने से मोटरसायकल चालक और पीछे बैठे व्यक्ति की मौत हो गई। फर्य्रादी के दि ये बयान पर फोरविलर चालक के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 594/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, अ, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच मपोऊपनी बैस पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### फोरविलर की चपेट मे आने से सायकल सवार की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत ऑक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/ 6/ 2026 के 9 बजे के दरम्यान ग्राम गोरठा मे फर्यादी का भाई गोपीचंद गोविंदा फुन्डे उम्र 59 वर्ष निवासी गोरठा अपनी सायकल से काम पर जा रहा था। सामने से आ रही फोरविलर वाहन क्रमांक एम एच 31 एफएक्स 2288 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर सायकल को पिछे से ठोस मारी गंभीर चोट लगने से सायकलसवार की मौत हो गई। फर्यादी के बयान और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 418/2026 धारा 281,106,1, बि एन एस 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी चव्हाण पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### रास्ते पर रखा सामान हटा बोलने पर दी जान से मारने की धमकी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/ 6/ 2026 के 8 बजे के दरम्यान ग्राम ड व्वा मे फर्य्रादी लोकनाथ चौधरी उम्र 41 वर्ष निवासी डव्वा अपने घर मे बाग मजदुरो के साथ तैय्यार कर रहे थे। पडोसी और फर्यादी के मकान के बिच गली है जहा आरोपी ने सामान रखा था फर्यादी ने कहा सामान हटा ले मजदुरो को जाने आने मे तकलिफहोती है, तो आरोपी ने कहा तेरे बाप का रोड है क्या बोलकर गालीगलौच की फर्यादी और उसकी पत्नी को मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 280/2026 धारा 296, अ,115,2,352,351,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा ईस्कापे पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### दो मोटरसायकल की भिडंत 1 जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/ 5/ 2026 के रात 10 बजे के दरम्यान रावणवाडी मे फर्यादी अभिषेक बाबुलाल भिमटे उम्र 41 वर्ष निवासी बैहर अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम पी 50 जेड सी 8995 बुलेट से आबकारी टोला जा रहे थे। रास्ते मे सामने से आ रही होंडा कंपनी की युनिकान क्रम एमएच 35 ए एस 5198 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर बुलट को ठोस मारी फर्यादी का पैर फ्रैक्चर होने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे मोटरसायकल चालक के खिलाफअपराध क्रमांक 327/2026 धारा 281,125, ए,125, बी, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा चौधरी पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

जग प्रेरणा

गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# सांसद निर्वाचित होकर गोंदिया प्रथम नगर आगमन पर सांसद राजेंद्र जैन का जिलेवासियों ने किया ऐतिहासिक स्वागत अभिनंदन..

■ भारी धूप और गर्मी के बावजूद अपने राजू भैया का स्वागत करने दिखी कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में होड़.. ■ विभिन्न संस्थाओं एवं परिवारों ने लुटाया प्यार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र जैन निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद सांसद के रूप में पहली बार आज 12 जून को सुबह गोंदिया पहुंचे, और सबसे पहले वे स्वर्गीय मनोहर भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए रामनगर बगीचा पहुंचे, तथा उसके बाद पल चौक सीजे कंपनी ऑफिस होते हुए उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद सांसद श्री जैन दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे और इसके बाद सांसद श्री जैन अपने निवास पर मौजूद हजारों उपस्थितों से मिले।*













## ■ पुष्पगुच्छ, फूल माला से स्वागत की लगी होड..

गौरतलब है कि जैसे ही सांसद राजेंद्र जैन अपने निवास से स्वागत रैली में शामिल होकर निकले, एक तरफबैंड बाजों और डीजे की धुन पर कार्यकर्ता और परिवारजन डांस करते खुशी मनाते नजर आ रहे थे, तो वहीं राजेंद्र जैन जिंदाबाद के नारों से शहर गुंजायमान नजर आ रहा था। दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा चौक से लेकर लल्लू चौबे के निवास तक स्वागत रैली जैसे जैसे आगे बढ़ती गई, राजेन्द्र जैन का पुष्पगुच्छ और बड़ी बड़ी मालाओं से स्वागत करने की नगर वासियों में होड़ नजर आ रही थी। विभिन्न संस्थाओं में गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन, गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन, गोंदिया जिला मजूर संघ, सिंधी समाज, जैन समाज, कलार समाज, पवार समाज, मुस्लिम समाज सहित अनेक समाजों और संस्थाओं के लोगों ने तो वहीं पारिवारिक स्नेह में बंधे लोगों ने पूरे परिवार के साथ मिलकर सांसद राजेंद्र जैन का भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया।

## प्रफुल अग्रवाल एवं परिवार ने भी किया जैन का स्वागत..

गौरतलब है कि गोरेलाल चौक से मेन रोड पर आगे बढ़ते हुए जब सांसद राजेन्द्र जैन की स्वागत रैली जामा मस्जिद के सामने पहुंची, तो वहीं पर स्व. रमन कुमार जी मेठी के परिवार से भी भेंट कर सांसद जैन ने आदरणीय भाभीजी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अपूर्व मेठी, हरिन्द्र मेठी, नकुल मेठी, जय आशीष मेठी, विजय अग्रवाल, हर्षल पवार, राजेश कनौजिया, राजेश्वर कनौजिया, आशीष वर्मा एवं संजीव बापट भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत अन्य लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जैसे ही सांसद जैन का काफिला पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के निवास के सामने पहुंचा। प्रफुल गोपालदास अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल एवं अग्रवाल परिवार ने सांसद राजेन्द्र जैन का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत कर बधाई दी।

## और जलाराम लॉन में कुर्सियां कम पड़ गई..

गौरतलब है कि स्वागत रैली के उपरांत सांसद राजेंद्र जैन का स्वागत कार्यक्रम स्थानीय जलाराम लॉन में आयोजित किया गया, जहां पर इतनी भारी संख्या में भीड़ उमड़ी जिसके कारण कुर्सियां कम पड़ गई, इस अवसर पर अनेकों संस्थाओं, राजनीतिक दलों के लोगों ने सांसद राजेंद्र जैन का स्वागत किया।

## यह भी रहे प्रमुख रुप से उपस्थित..

गौरतलब है कि सांसद राजेन्द्र जैन के स्वागत में राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता अखिलेश सेठ, केतन तुरकर, लोकेश (कल्लु) यादव, राजकुमार जैन, राज शुक्ला, अनुज जायसवाल, कल्लु जैन, अशोक सहारे, शिव शर्मा, नरेश माहेश्वरी, राजेश वर्मा, गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष किरण कुमार मुंदड़ा, महासचिव अपूर्व अग्रवाल, राजकुमार तिवारी, शंकरलाल अग्रवाल, श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल, सचिव रितेश अग्रवाल, गोंदिया विधानसभा ग्रुप के विजय अग्रवाल, आदेश शर्मा, अजमेरा परिवार के अरुण अजमेरा, सुनील अजमेरा, चीनु अजमेरा, गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन, रवि मुंदड़ा, राजा ईसरका, गोंदिया जिला मजूर संघ के अध्यक्ष सचिन (बंटी) मिश्रा, दीपक कदम सहित हजारों की संख्या में संस्थाओं के लोग एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम अपने नेता स्व. अजीतदादा पवार को याद किया, वहीं उन्होंने सांसद प्रफुल पटेल, उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, सुनील तटकरे, पार्थ पवार एवं सौ. वर्षा पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें राज्यसभा के लिये योग्य समझा। श्री जैन ने आगे समस्त गोंदिया नगर व जिले की जनता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया, तथा कहा कि निश्चित ही गोंदिया से अब दो सांसदों के होने से केन्द्र और राज्य सरकार में हमारी ताकत बढ़ी है। इसका पुरा उपयोग करते हुए अपने गोंदिया जिले के विकास के लिये जल्द से जल्द जो भी किया जा सकता है, उसके लिये भरपूर प्रयास किये जाएंगे।

सांसद राजेन्द्र जैन ने कहा कि गोंदिया भंडारा जिले के विकास के लिये उनके प्रयासों में कोई कमी नहीं होगी, और अपने नेता प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में वे निरंतर पूरी ताकत से समस्त जवाबदारीयों का बखूबी निर्वहन करने का प्रयास भी करते रहेंगे।

## गृह प्रवेश करते ही सांसद राजेन्द्र जैन ने मां से लिया आशीर्वाद..



गौरतलब है कि जैसे ही सांसद राजेंद्र जैन दुर्गा चौक स्थित अपने निवास पहुंचे, हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में श्री जैन को सर्वप्रथम ग्रह प्रवेश कराया गया, इस अवसर पर परिवारजनों की उपस्थिति में उनकी पत्नी श्रीमती सुनिता जैन ने तिलक लगाकर आरती उतारी, तथा गृह प्रवेश कराया। जिसके बाद घर के अंदर प्रवेश कर राजेन्द्र जैन ने सर्वप्रथम अपनी माताजी के चरण छुकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, इसके बाद फिर वे स्वागत रैली में हुजूम के साथ निकल पड़े।




## बाप तो बाप रहेगा के गाने पर जमकर झूमे निखिल जैन और कार्यकर्ता..

**गौरतलब है कि स्वागत रैली में सांसद राजेंद्र जैन के सुपुत्र निखिल जैन का उत्साह भी देखने लायक था। निखिल जैन स्वागत रैली के दौरान उत्साह और जोश के साथ पुरे रास्ते भर झूमते नाचते नजर आए। निखिल जैन ने अनेक गानों पर डांस के साथ ही बाप तो बाप रहेगा गाने पर जमकर डांस किया, जिसका राजनीतिक आशय भी निकाला गया, जो कि चर्चा का विषय बना।**

## विधायक विनोद अग्रवाल भी पहुंचे सांसद जैन का स्वागत करने..



जलाराम लॉन में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में सांसद राजेन्द्र जैन का स्वागत करने के लिये गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल भी पुष्पगुच्छ और शॉल श्रीफल लेकर पहुंचे। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि माननीय राजेन्द्र जैन का राज्यसभा सांसद बनना, हम सभी के लिये गौरव की बात है। हमारी गोंदिया की ताकत बढ़ी है, और विकास की संभावनाओं को अब और अधिक बल प्राप्त होगा। इस अवसर पर सभापति मुनेश राहंगडाले एवं क्षत्रपाल तुरकर भी उपस्थित थे।

# गोंदिया पुलिस ने महिला गांजा तस्कर को 934 ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 934 ग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन सहित कुल 1,03,400 रुपये मूल्य का माल जब्त किया है।***




पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभय डोंगरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों के भंडारण, बिक्री और तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय अपराध शाखा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोरेगांव तहसील के भंडगा गांव में रहने वाली एक महिला अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी बिक्री कर रही है। सूचना के आधार पर 11 जून 2026 को पुलिस टीम ने विधिवत कार्रवाई करते हुए महिला के घर पर छापा मारा।

तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक की थैली में रखा हुआ 934 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 93,400 रुपये है। इसके अलावा गांजा बिक्री में उपयोग किए जा रहे एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन (कीमत 10,000 रुपये) को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 1,03,400 रुपये का माल बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी महिला पुष्पा उर्फ मंगला मोतीराम मोजे (52 वर्ष), निवासी भंडगा, तहसील गोरेगांव, जिला गोंदिया को हिरासत में लिया है।

पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसने गांजा गोंदिया निवासी दो व्यक्तियों से खरीदा था। इसके आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेरकर के नेतृत्व में की गई। अभियान में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दंड, भाला एवं तलवार जैसे पारंपरिक मर्दानी खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ उत्साहपूर्वक आयोजन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***मारुति व्यायाम मंडल एवं शिवशक्ति अखाड़ा, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय मर्दानी खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस गार्डन, गोंदिया में किया गया। प्रतियोगिता में दंड, भाला एवं तलवार जैसे पारंपरिक मर्दानी खेलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।***



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दलजीत सिंह खालसा (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भंडारा विभाग प्रमुख), देवेश मिश्रा (बजरंग दल, महाराष्ट्र प्रांत संयोजक), अजय यादव (नगर परिषद पार्षद), संजू भाऊ कुलकर्णी (नगर परिषद पार्षद), निलेश मोहने (परिवर्तन बहुउद्देशीय संस्था), हितेश डफ (संस्थापक, शिवशक्ति अखाड़ा) तथा आनंद मखवाना (क्रीड़ा शिक्षक) की प्रमुख उपस्थिति रही।

इस अवसर पर श्री चौरवार, किशोर परिहार, विजेंद्र सिंह यादव, अंकित कुलकर्णी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रशिक्षक रोहित श्रीभात्रे, लावण्या भागड़कर एवं रीता चौरवार ने विशेष परिश्रम किए। वहीं सह-प्रशिक्षक रुद्र गंधे, यश भोतमांगे, देवांश मानकर, हितार्थ परमार, रणवीर परिहार, हेमांशी पटले तथा जागृति कटरे ने भी प्रतियोगिता के संचालन एवं व्यवस्थापन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में अभिभावकों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों ने उपस्थित होकर पारंपरिक मर्दानी कला के प्रति उत्साहपूर्ण प्रतिसाद दिया। शौर्य की परंपरा, मर्दानी कला की पहचान का संदेश देते हुए इस आयोजन ने युवाओं में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, साहस तथा राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, सह-प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com